उत्तर प्रदेश शासन
परिवहन अनुभाग-4
संख्या-11/2026/1033/तीस-4-2026-30-4099/10/2025
लखनऊ: दिनांक: 30 अक्टूबर, 2026

अधिसूचना

सुरक्षित, कुशल, विश्वसनीय और पर्यावरण-अनुकूल अंतर्देशीय जल परिवहन तथा जल पर्यटन सुनिश्चित करने के लिए, उत्तर प्रदेश सरकार आवश्यक विधि अधिनियमित करके तथा उत्तर प्रदेश अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण जैसी संस्थाओं की स्थापना करके राज्य में एक संस्थागत ढांचा तैयार करने की दिशा में कार्य कर रही है।

यात्री एवं माल परिवहन हेतु अंतर्देशीय जलमार्गों के माध्यम से नौवहन और जल यातायात को सुगम बनाने तथा अन्तर्देशीय जल परिवहन संपर्क को बढ़ावा देने के लिए, यांत्रिक और गैर-यांत्रिक रूप से संचालित अंतर्देशीय जलयानों को आच्छादित करने वाले विहित नियमों का होना आवश्यक है। इन नियमों में ऐसे जलयानों के डिज़ाइन एवं निर्माण, रजिस्ट्रीकरण, सर्वेक्षण, चालक दल, सुरक्षित नौवहन, संचार, संकेतन और अन्य सम्बन्धित पक्षों से जुड़े मामलों को संबोधित किया जाना अपेक्षित है।

चूंकि भारत सरकार ने अंतर्देशीय जलयान अधिनियम, 2021 (अधिनियम संख्या 24 सन् 2021) तथा उसके अधीन बनाए गए केंद्रीय नियमों को अधिनियमित किया है।

इससे पूर्व, अंतर्देशीय जलयानों को अंतर्देशीय जलयान अधिनियम, 1917 के अधीन विनियमित किया जाता था, और तदनुसार राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश अंतर्देशीय जलयान नियमावली, 2002 बनायी थी।

और चूंकि, अंतर्देशीय जलयान अधिनियम, 2021 तथा उसके अधीन बनाए गए केंद्रीय नियमों के आलोक में राज्य सरकार के लिए यह आवश्यक हो गया है कि विद्यमान वर्तमान उत्तर प्रदेश अंतर्देशीय जलयान नियमावली, 2002 को नयी नियमावली से प्रतिस्थापित किया जाए।

प्रस्तावित नियमावली, वर्तमान उत्तर प्रदेश अन्तर्देशीय जलयान नियमावली, 2002 को प्रतिस्थापित करके केन्द्रीय सरकार के अन्तर्देशीय जलयान अधिनियम, 2021 तथा अन्तर्देशीय जलयान नियम, 2022 के अनुसार बनायी गयी है।

http://shasanadesh.up.gov.in

प्रारूप नियमावली

उत्तर प्रदेश अंतर्देशीय जलयान नियमावली, 2026

साधारण खंड अधिनियम 1897 (अधिनियम संख्या 10 सन् 1897) की धारा 21 के साथ पठित अंतर्देशीय जलयान अधिनियम 2021 (अधिनियम संख्या 24 सन् 2021) की धारा 107 के अधीन शक्तियों का प्रयोग करके राज्यपाल राज्य सरकार के वर्तमान उत्तर प्रदेश अंतर्देशीय जलयान नियमावली, 2002 के स्थान पर जिस नियमावली को बनाने का प्रस्ताव करते हैं उसका निम्नलिखित प्रारूप अंतर्देशीय जलयान अधिनियम 2021 (अधिनियम संख्या 24 सन 2021) की अपेक्षानुसार, उससे संभावित रूप से प्रभावित होने वाले समस्त व्यक्तियों के सूचनार्थ और उसके सम्बन्ध में आपत्तियां और सुझाव आमंत्रित करने की दृष्टि में एतद्वारा प्रकाशित किया जाता है।

प्रस्तावित नियमों के संबंध में आपत्ति या सुझाव यदि कोई हो, तो उसे विशेष सचिव, परिवहन अनुभाग-4, उत्तर प्रदेश शासन बापू भवन उत्तर प्रदेश सचिवालय लखनऊ को संबोधित करते हुए लिखित रूप में अथवा ई-मेल आईडी- specialsecretarytransport@gmail.com पर भेजा जाना चाहिए। केवल उन्हीं आपत्तियों या सुझाव, जो इस अधिसूचना के गजट में प्रकाशित किये जाने के दिनांक से पंद्रह दिनों के भीतर प्राप्त होगे, पर विचार किया जाएगा।

जो व्यक्ति लिखित में अपनी आपत्तियां या सुझाव प्रस्तुत करना चाहते हैं, वे विशेष सचिव, परिवहन अनुभाग-4, उत्तर प्रदेश शासन, बापू भवन उत्तर प्रदेश सचिवालय, लखनऊ के कार्यालय कक्ष संख्या-434 में किसी भी कार्य दिवस में पूर्वान्ह 09:30 बजे से अपरान्ह 06:00 बजे के मध्य सुनवाई के लिए उपस्थित हो सकते हैं।

प्रारंभिक

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ-

(1) यह नियमावली "उत्तर प्रदेश अंतर्देशीय जलयान नियमावली, 2026" कही जाएगी।

(2) यह नियमावली सरकारी गजट में इसके अंतिम प्रकाशन के दिनांक से प्रवृत्त होगी।

(3) इस नियमावली के प्रवृत्त होने के दिनांक से 90 दिनों के भीतर विद्यमान जलयानों को इस नियमावली में विनिर्दिष्ट मानकों के अनुसार परिवर्तित करना होगा।

(4) इस नियमावली में कुल सोलह अध्याय हैं, जिनमें अध्याय-एक से अध्याय-चौदह यांत्रिक रूप से संचालित अन्तर्देशीय जलयानों के लिये उपबन्ध करता है तथा अध्याय पन्द्रह, अन्तर्देशीय गैर यांत्रिक जलयानों के लिये उपबन्ध करता है। अध्याय सोलह के नियम यांत्रिक एवं गैर यांत्रिक रूप से संचालित दोनो प्रकार के जलयानों पर लागू होंगे।

(5) इस नियमावली में किसी भी असंगति के मामले में, केन्द्रीय अधिनियम और उसके नियम अभिभावी होंगे।

http://shastranet.up.gov.in

अध्याय-एक

यांत्रिक रूप से संचालित अन्तर्देशीय जल यानों से सम्बन्धित उपबन्ध

2. परिभाषाएँ।

(1) इस नियमावली में, जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,

(क) ''अधिनियम" का तात्पर्य अंतर्देशीय जलयान अधिनियम, 2021 (अधिनियम संख्या 24 सन् 2021) से है;

(ख) "मूल्यांकनकर्ता" का तात्पर्य ऐसे व्यक्तियों से है जो वाणिज्यिक सेवा या यांत्रिक रूप से संचालित अंतर्देशीय जलयानों के नौवहन का अनुभव रखते हों, और जिन्हें राज्य सरकार द्वारा अधिनियम की धारा 76(1) के अधीन अध्याय तेरह के प्रयोजनार्थ नियुक्त किया गया हो;

(ग) ''केन्द्रीय नियम" का तात्पर्य उन नियमों से है जिन्हें भारत सरकार ने अधिनियम (यथा संशोधित) के अधीन बनाया है;

(घ) ''केंद्रीय सरकार" का तात्पर्य भारत सरकार से है;

(ड) "नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी" का तात्पर्य उन प्राधिकारियों से है जिन्हें राज्य सरकार ने अधिनियम की धारा 5(3) के अधीन नियुक्त किया है;

(च) "जिला मजिस्ट्रेट" का तात्पर्य किसी ऐसे अधिकारी से है जिसे राज्य सरकार द्वारा नियुक्त किया गया हो, और इसमें अपर जिला मजिस्ट्रेट या जिला मजिस्ट्रेट द्वारा अधिनियम, केंद्रीय नियमों तथा इस नियमावली के अधीन कर्तव्यों के पालन हेतु प्राधिकृत कोई कार्यकारी मजिस्ट्रेट भी सम्मिलित है;

(छ) "परीक्षक या मुख्य परीक्षक" का तात्पर्य अधिनियम के अध्याय-छ: के अधीन प्रमाण-पत्र चाहने वाले व्यक्तियों की अर्हताओं के परीक्षण हेतु अधिनियम की धारा 36(1) के अधीन राज्य सरकार द्वारा नियुक्त अधिकारियों या व्यक्तियों से है;

(ज) "प्रपत्र" का तात्पर्य केंद्रीय नियमों तथा इस नियमावली के साथ संलग्न प्रपत्रों से है; तथा ''एस.आर. प्रपत्र'' का तात्पर्य इस नियमावली से संलग्न प्रपत्रों से है;

(झ) "सकल टनभार (जी.टी.)" का तात्पर्य जलयान के टनभार मापन पर अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन, 1969 के अनुसार परिकलित सकल टन भार से है;

(ञ) "बंदरगाह या रजिस्ट्रीकरण के स्थान" का तात्पर्य अधिनियम की धारा 20 के अधीन राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित कार्यालयों या स्थानों से है, जहाँ अधिनियम के अध्याय पांच के अधीन यांत्रिक रूप से चालित अंतर्देशीय जलयानों का रजिस्ट्रीकरण किया जाता है;

(ट) "मलबे का प्राप्तकर्ता" का तात्पर्य अधिनियम की धारा 58(1) के अधीन राज्य सरकार द्वारा अधिनियम के अध्याय दस, केंद्रीय नियमों एवं इन नियमों (यथा संशोधित) के अधीन विनिर्दिष्ट कृत्यों के निर्वहन हेतु नियुक्त या प्राधिकृत अधिकारियों से है;

(ठ) "अंतर्देशीय जलयानों का रजिस्ट्रार" का तात्पर्य अधिनियम की धारा 20 के अधीन राज्य सरकार द्वारा अधिनियम, केंद्रीय नियमों एवं इन नियमों के अधीन विनिर्दिष्ट कृत्यों के निर्वहन हेतु नियुक्त अधिकारियों या व्यक्तियों से है;

(ड) "रजिस्ट्रीकरण प्राधिकारी" का तात्पर्य राज्य सरकार द्वारा नियुक्त अंतर्देशीय जलयानों के रजिस्ट्रार से है;

(ढ़) "राज्य प्राधिकरण" का तात्पर्य उत्तर प्रदेश अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण से है, जिसे उत्तर प्रदेश अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण अधिनियम, 2023 (अधिनियम संख्या 22 सन् 2023) (यथासंशोधित) के अधीन गठित किया गया है, जो संपूर्ण उत्तर प्रदेश राज्य में राज्य प्राधिकरण अधिनियम के अधीन शक्तियों का प्रयोग एवं कर्तव्यों के निर्वहन हेतु प्राधिकृत है;

(ण) "राज्य प्राधिकरण अधिनियम" का तात्पर्य उत्तर प्रदेश अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण अधिनियम, 2023 (अधिनियम संख्या 22 सन् 2023) (यथासंशोधित) से है;

(त) "राज्य प्राधिकरण निधि", का तात्पर्य उत्तर प्रदेश अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण अधिनियम, 2023 की धारा 23(1) के अधीन गठित उत्तर प्रदेश अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण से है;

(थ) "राज्य सरकार" का तात्पर्य उत्तर प्रदेश सरकार से है;

(द) "सर्वेक्षक" का तात्पर्य अधिनियम की धारा 10 के अधीन राज्य सरकार द्वारा अंतर्देशीय जलयानों के सर्वेक्षकों के रूप में अधिनियम, केंद्रीय नियमों एवं इन नियमों में विनिर्दिष्ट कर्तव्यों के निष्पादन हेतु नियुक्त अधिकारियों या व्यक्तियों से है;

(ध) "जलयान निर्माता" का तात्पर्य ऐसे व्यक्ति या कंपनी से है जो मुख्य रूप से जलयानों, नौकाओं या अन्य तैरने वाले जलयानों का डिज़ाइन एवं निर्माण में अभिनियोजित हो, जिसमें डिजाइन निरीक्षक, निर्माण परीक्षण, निरीक्षण एवं स्वामियों को सुपुर्दगी सम्मिलित है;

(न) "जलयान मरम्मतकर्ता " का तात्पर्य ऐसे व्यक्तियों या कंपनियों से है जो जलयानों एवं नौकाओं की मरम्मत एवं रखरखाव में विशेषज्ञ हैं, जिसमें पतवार संरचना, मशीनरी, विद्युत और इलेक्ट्रानिक प्रणालियों से सम्बन्धित क्षति की मरम्मत, नियमित रखरखाव, उन्नयन या रूपांतरण कार्य सम्मिलित हैं।

(2) इस नियमावली में प्रयुक्त किन्तु अपरिभाषित और अधिनियम या केंद्रीय नियमों में परिभाषित शब्दों और पदों के वही अर्थ होंगे, जो अधिनियम या केन्द्रीय नियमों में उनके लिए समनुदेशित हों।

अध्याय-दो

अंतर्देशीय जल क्षेत्र को परिक्षेत्रों में घोषित करना

3. जल क्षेत्र का अवधारण- राज्य सरकार, अथवा राज्य प्राधिकरण तकनीकी विशेषज्ञ विभाग (यथा सिंचाई विभाग) या संबंधित तकनीकी संस्थानों से परामर्श के आधार पर इस नियमावली के प्रयोजनों के लिए, पृथक आदेशों द्वारा अधिनियम की धारा 4(1) के अधीन किसी भी आंतरिक जल क्षेत्र को ''परिक्षेत्र''घोषित कर सकती है, जो अधिनियम की धारा 4 की उपधारा (2) में विनिर्दिष्ट अधिकतम 'सार्थक तरंग ऊँचाई' मानदंड के अनुसार होगा।

अध्याय-तीन

प्रशासनिक उपबन्ध

4. नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी की नियुक्ति -अधिनियम की धारा 5 की उपधारा (3) के अधीन, समस्त संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) अपने-अपने संभाग के नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी होंगे, जिनकी सूची परिशिष्ट-1 पर संलग्न है। वे अधिनियम तथा उसके अधीन बनाए गए नियमों द्वारा प्रदत्त शक्तियों, प्राधिकारों या कर्तव्यों का प्रयोग करेंगे।

5. नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी जलयानों का रजिस्ट्रीकरण और सर्वेक्षण जलयान एवं नाविक पोर्टल के माध्यम से, अधिनियम की धारा 41 तथा अन्तर्देशीय जलयान (केंद्रीय डेटाबेस और संबद्ध विषय) नियम, 2024 (यथासंशोधित) के अनुसार किया जाए।

अध्याय-चार

अन्तर्देशीय जलयानों का सर्वेक्षण और प्रमाणन

6. यांत्रिक रुप से चालित अन्तर्देशीय जलयानों का वर्गीकरण- अधिनियम की धारा 7(2) के अधीन यांत्रित रुप से चालित अन्तर्देशीय जलयानों का वर्गीकरण केन्द्रीय सरकार द्वारा बनाये गये अन्तर्देशीय जलयान (डिजाइन व निर्माण) नियम 2024 (यथासंशोधित) के अनुरुप होगा।

7. यांत्रिक रूप से चालित अन्तर्देशीय जलयान का सर्वेक्षण और प्रमाणन- अधिनियम के अध्याय-4, तथा केन्द्रीय सरकार द्वारा बनाये गये अन्तर्देशीय जलयान (सर्वेक्षण एवं प्रमाणन) नियम-2022 (यथासंशोधित) तथा इन नियमों द्वारा शासित होगा।

परन्तु यह कि कोई भी यांत्रिक रुप से चालित अन्तर्देशीय जलयान जिसे सर्वेक्षण या अनुमोदन का अनन्तिम प्रमाण-पत्र जारी किया गया है, सर्वेक्षण प्रमाण-पत्र जारी होने तक, समय-समय पर नामनिर्दिष्ट प्राधिकरी द्वारा विहित शर्तों के अध्यधीन अस्थायी रुप से यात्रा पर जा सकता है या सेवा में उपयोग किया जा सकता है।

8. सर्वेक्षकों की नियुक्ति-

(क) अधिनियम की धारा 10(1) के अधीन भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण की सरकारी संस्था राष्ट्रीय अन्तर्देशीय नौवहन संस्थान यांत्रिक रूप से चालित जलयानों के सर्वेक्षक के रूप में कार्य करेगी और अन्तर्देशीय जलयान (सर्वेक्षण एवं प्रमाणन) नियम-2022 (यथासंशोधित) का अनुपालन सुनिश्चित करेगी। ऐसे सर्वेक्षक भारतीय न्याय संहिता के अधीन लोक सेवक समझे जायेगें। यह संस्था/सर्वेक्षक/मूल्यांकनकर्ता के रूप में भी कार्य करेंगी। राज्य प्राधिकरण, अधिनियम की धारा-12(4) के अधीन अन्य संस्थाओं/सर्वेक्षकों को भी प्राधिकृत कर सकता है।

(ख) यांत्रिक रुप से चालित अन्तर्देशीय जलयानों के सर्वेक्षण की प्रक्रिया, सर्वेक्षकों की योग्यता और रिर्पोट प्रस्तुत करने की प्रक्रिया केन्द्रीय सरकार द्वारा बनायी गयी अन्तर्देशीय जलयान (सर्वेक्षण और प्रमाणन) नियम-2022 (यथासंशोधित) के अनुसार होगी।

(ग) उपर्युक्त 10 (क) के अनुसार नियुक्त सर्वेक्षक यह सुनिश्चित करेगा कि यांत्रिक रुप से चालित अन्तर्देशीय जलयान केन्द्रीय सरकार के नियमों और इन नियमों का अनुपालन करते हैं और नियम 3 के अधीन जलयान की श्रेणी और उपयुक्त परिचालन परिक्षेत्र का अवधारण करेगा।

(घ) अन्तर्देशीय जलयानों के सर्वेक्षण हेतु आवेदन पोर्टल (http://navic.iwai.gov.in) के माध्यम से आनलाइन किये जायेंगे।

(ड.) सर्वेक्षण हेतु सर्वेक्षक को संदेय शुल्क, इस नियमावली से संलग्न अनुसूची-1 में यथा विहित के अनुसार होगा।

9. सर्वेक्षण और प्रमाणन के लिए शुल्क

(क) यांत्रिक रूप से संचालित अन्तर्देशीय जलयान के सर्वेक्षण और प्रमाणन के प्रयोजन के लिए इन नियमों में संलग्न अनुसूची-1 में विनिर्दिष्ट शुल्क संदेय होगा।

(ख) यदि स्वामी, कप्तान या चालक दल के किसी सदस्य के दोष, कृत्य या चूक के कारण पुनः सर्वेक्षण अपरिहार्य हो जाता है, तो स्वामी अनुसूची-1 में विनिर्दिष्ट शुल्क का भुगतान करने के लिए दायी होगा।

(ग) यदि आवेदन निर्धारित अवधि के बाद प्रस्तुत किया जाता है, प्रत्येक माह या उसके भाग के लिए, पाँच प्रतिशत (5%) की दर से अतिरिक्त शुल्क संदेय होगा, जो विहित शुल्क के दोगुने की अधिकतम सीमा के अध्यधीन होगा।

(घ) ऐसा शुल्क या अतिरिक्त शुल्क राज्य प्राधिकरण द्वारा विनिर्दिष्ट इलेक्ट्रॉनिक या अन्य विहित माध्यमों से संदत्त किया जाएगा, और राज्य प्राधिकरण निधि में जमा किया जाएगा।

(ड.) अधिनियम या इस नियमावली के अधीन संदत्त कोई भी शुल्क वापसी योग्य नहीं होगा।

10. अस्थायी सर्वेक्षण प्रमाणपत्र धारक जलयानों का अस्थायी संचालन- कोई भी यांत्रिक रूप से चालित अन्तर्देशीय जलयान, जिसे अधिनियम की धारा 13(1) के अधीन अस्थायी सर्वेक्षण प्रमाणपत्र या अनुमोदन जारी किया गया हो, वह सर्वेक्षण प्रमाणपत्र जारी होने तक, नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा विनिर्दिष्ट प्रक्रिया और शर्तों के अनुसार, अस्थायी रूप से यात्रा या सेवा में उपयोग किया जा सकेगा।

11. सर्वेक्षण प्रमाणपत्र का निलंबन या रद्दकरण-

(1) नोटिस जारी करने की प्रक्रियाः

(क) यदि राज्य सरकार, राज्य प्राधिकरण, प्राधिकृत सर्वेक्षक या रजिस्ट्रीकरण प्राधिकारी को यह विश्वास हो कि अधिनियम की धारा 15(1) के अधीन विनिर्दिष्ट किसी शर्त का स्वामी, संचालक या कप्तान द्वारा उल्लंघन किया गया है तो वह अधिनियम की धारा 15(2) या 15(3) के अधीन, सर्वेक्षण प्रमाण-पत्र के निलंबन या रद्दकरण का नोटिस जारी करेगा।

सर्वेक्षण प्रमाणपत्र के निलंबन या रद्दकरण संबंधी ऐसा नोटिस राज्य सरकार द्वारा रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा पावती सहित, सर्वेक्षण प्रमाणपत्र में उल्लिखित पते पर स्वामी, संचालक, कप्तान या निर्माण यार्ड को भेजा जाएगा। नोटिस जारी होने के दिनांक से तीन माह के भीतर शर्तों का पालन सुनिश्चित करना होगा।

(ख) नोटिस में निलंबन या रद्दकरण के कारणों का स्पष्ट उल्लेख किया जाएगा जिसमें निरीक्षण या सर्वेक्षण के दौरान चिन्हित किये गए उल्लंघन या कमियाँ सम्मिलित होंगी।

(ग) यदि अनुपालन के लिए अतिरिक्त समय की आवश्यकता हो तो स्वामी, संचालक, कप्तान या निर्माण यार्ड, कारणों और सहायक दस्तावेजों के साथ लिखित रूप में आवेदन कर सकता है।

(घ) यदि जारीकर्ता प्राधिकारी संतुष्ट है, तो वह अनुपालन अवधि को एक माह की अतिरिक्त अवधि के लिए बढ़ा सकता है।

(2) **निलंबन की अवधिः** निलंबन तब तक प्रभावी रहेगा जब तक त्रुटियाँ या दोष सुधार नहीं लिए जाते और शर्तों का पालन नहीं हो जाता, या निलंबन आदेश के दिनांक से अधिकतम छह माह की अवधि तक, जो भी पहले हो।

(3) **प्रमाणपत्र का रद्दकरण**

(क) यदि निलंबन छह माह या उससे अधिक की अवधि तक जारी रहता है, तो राज्य सरकार, राज्य प्राधिकरण, प्राधिकृत सर्वेक्षण या पंजीकरण प्राधिकारी, प्रमाणपत्र निरस्त कर सकता है।

यदि प्रमाणपत्र ऐसे प्राधिकारी द्वारा जारी नहीं किया गया है, तो मामले को मूल जारीकर्ता प्राधिकारी को निरस्त करने के लिए अग्रेषित किया जायेगा।

(4) **प्रमाणपत्र की समाप्ति, निलंबन या निरस्तीकरण का अभ्यर्पण:**

(क) स्वामी या मास्टर समाप्त, निलंबित या निरस्त प्रमाणपत्र अन्तर्देशीय जलयानों के रजिस्ट्रार को सौंपेगा।

(ख) रजिस्ट्रार निरस्त करने का विवरण पंजीकरण अभिलेख (registry book) में दर्ज करेगा।

(ग) निलंबन या निरस्तीकरण के सम्बन्ध में निर्गमन प्राधिकारी अधिनियम की धारा 15 तथा केंद्रीय नियमों एवं इन नियमों के समस्त प्रावधानों का अनुपालन करेगा।

अध्याय पाँच
अन्तर्देशीय जलयानों का रजिस्ट्रीकरण

12. अन्तर्देशीय जलयानों के रजिस्ट्रार के कार्य-

1. अधिनियम की धारा 20(2) के अधीन परिशिष्ट-2 में उल्लिखित अपने-अपने जिलों के लिए सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) रजिस्ट्रार के रूप में कार्य करेंगे।
2. अन्तर्देशीय जलयानों के रजिस्ट्रार द्वारा निम्नवत् कार्य संपादित किया जाता है, अर्थात्-
   - (क) बंदरगाह या के रजिस्ट्रीकरण स्थान के प्रमुख के रूप में कार्य;
   - (ख) यांत्रिक रूप से चालित अन्तर्देशीय जलयानों से संबंधित उपबन्धों के कार्यान्वयन हेतु नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी के रूप में कार्य करेगा;
   - (ग) अधिनियम, नियमों, विनियमों और अधिसूचनाओं के अधीन विनिर्दिष्ट सभी कर्तव्यों के पालन को सुनिश्चित करना;
   - (घ) अधिकार क्षेत्र के भीतर चलने वाले सभी अन्तर्देशीय जलयानों द्वारा नियमों का अनुपालन;
   - (ड.) जल परिवहन के नियमन और नियंत्रण के लिए हितधारकों के साथ समन्वय करेगा;
   - (च) नदी क्रूज़ संचालन के लिए पर्यटक सर्किट मार्ग तैयार करने और विनियमित करने हेतु समन्वय करेगा;
   - (छ) जलयानों, बंदरगाहों, टर्मिनलों, नौवहन, अन्तर्देशीय जल परिवहन एवं पर्यटन गतिविधियों से सम्बन्धित सुरक्षा एवं पर्यावरणीय कानूनों का अनुपालन सुनिश्चित करेगा;
   - (ज) माल एवं यात्री टर्मिनलों तथा अन्य आधारभूत संरचनाओं पर जनसामान्य हेतु आवश्यक सुविधाओं की पर्याप्तता की जाँच करेगा;
   - (झ) अन्तर्देशीय जल परिवहन और अन्य परिवहन प्रणालियों के साथ समन्वय सुनिश्चित करेगा;
   - (ञ) अधिनियम और नियमों के अधीन अपेक्षित प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगा;
   - (ट) लागू डेटा संरक्षण कानूनों के अधीन जलयान अभिलेखों की गोपनीयता और सुरक्षा सुनिश्चित करेगा;

http://transportadesh.up.gov.in

(ठ) पंजीकरण प्रक्रियाओं और अन्तर्देशीय जलयान विनियामक आवश्यकताओं, संचालन से संबंधित हितधारकों को मार्गदर्शन और स्पष्टीकरण प्रदान करेगा;

(ड) अन्तर्देशीय जलयानों से संबंधित अन्य विनिर्दिष्ट जिम्मेदारियाँ निभाएगा;

(ण) अधिनियम की धारा 41(1) के अधीन प्रमाणपत्रों के विवरण एवं आँकड़े दर्ज करने हेतु एक रजिस्टर रखेगा;

(त) राज्य सरकार या राज्य प्राधिकरण द्वारा सौंपे गए अन्य कार्य और दायित्वों का निर्वहन करेगा।

13. पंजीकरण पुस्तिका में रिपोर्टिंग का ब्यौरा :-

अधिनियम की धारा 21 (2) के अधीन रजिस्ट्रार, प्रत्येक कैलेंडर वर्ष के प्रत्येक माह के अंत में, पंजीकरण पुस्तिका के विवरण या उसमें की गई प्रविष्टियों को अन्तर्देशीय जलमार्ग (पंजीयन एवं अन्य तकनीकी मामले) नियम, 2022 (यथासंशोधित) में निर्धारित प्रपत्र-10 पर केंद्रीय सरकार, राज्य सरकार एवं राज्य प्राधिकरण को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भेजेगा।

14. पंजीकरण प्रमाणपत्र में अंतर्विष्ट विवरण- अधिनियम की धारा 24(2) के अधीन यांत्रिक रूप से संचालित अंतर्देशीय जलयानों के पंजीकरण प्रमाण-पत्र में अंतर्विष्ट विवरण अन्तर्देशीय जलयान (पंजीकरण एवं अन्य तकनीकी मामले) नियम-2022 (यथासंशोधित) के प्रारुप संख्या-17 के अनुरुप होगा।

15. अन्तर्देशीय जलयान पर आधिकारिक पंजीकरण संख्या का प्रदर्शनः

(1) अन्तर्देशीय प्रत्येक यांत्रिक रुप से चालित अन्तर्देशीय जलयान को पंजीकरण प्राधिकारी द्वारा एक विशिष्ट पंजीकरण संख्या जारी किया जाएगा। पंजीकरण संख्या अक्षरांकीय होगी और इसमें 10 अक्षर होंगे। प्रथम दो अक्षर अंग्रेजी में एमपी (यांत्रिक रूप से चालित) के द्योतक होंगे, अगला दो अक्षर राज्य कोड यू.पी. का प्रतिनिधित्व करेंगे, अगला दो अंक जिला वाहन पंजीकरण कोड (उदाहरण के लिए लखनऊ के लिए 32, परिशिष्ट-3 के अनुसार) तथा अंतिम चार अंक 0001 से 9999 क्रमांक होगा। तदनुसार लखनऊ जिला के लिए प्रथम नामांकन संख्या MPUP320001 होगा। क्रमांक-0001 से 9999 समाप्त हो जाने के पश्चात जिला कोड के बाद A से Z तक (I और O को छोड़कर) के अक्षरों से प्रारम्भ होने वाली अक्षरांकीय श्रृंखला का उपयोग किया जायेगा। A से Z तक की श्रृंखला पूर्ण हो जाने के पश्चात् AA, AB, AC से ZZ (I और O को छोड़कर) तक की द्विअक्षरीय श्रृंखला का उपयोग किया जायेगा।

(2) अधिनियम की धारा 24(3) के अधीन प्रत्येक पंजीकृत जलयान पर उसका आधिकारिक पंजीकरण संख्या और नाम को जलयान के अग्रभाग, पश्चभाग और पतवार दोनों ओर या पंजीकरण प्राधिकारी द्वारा विनिर्दिष्ट स्थानों पर, स्पष्ट रूप से प्रदर्षित किया जाएगा ताकि वह दूर से भी स्पष्ट और पठनीय हो तथा किसी फिटिंग, या उपकरण अथवा संरचना द्वारा ढका न हो।

(3) **आकार एवं फॉन्ट**: आधिकारिक पंजीकरण संख्या का आकार पर्याप्त बड़ा और विपरीत रंग में होगा ताकि जलयान की पृष्ठभूमि पर स्पष्ट रूप से पढ़ा जा सके। फॉन्ट अन्तर्देशीय जलयान (पंजीयन एवं अन्य तकनीकी मामले) नियम-2022 के अनुरूप होगा।

(4) **सामग्री एवं स्थायित्वः** पंजीकरण संख्या ऐसी टिकाऊ और मौसम-प्रतिरोधी सामग्री से अंकित की जायेगी जो मौसम के प्रभावों का सामना करने में सक्षम हो तथा लंबे समय तक स्पष्ट बनी रहे।

(5) **रखरखावः** जलयान के संचालक पंजीकरण चिन्हों के नियमित निरीक्षण और रखरखाव को सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी होगा और ताकि उसकी दृश्यता और पठनीयता किसी भी समय बाधित, धुंधली या क्षतिग्रस्त न हो।

16. पंजीकरण प्रमाणपत्र की द्वितीय प्रति के लिए आवेदन-

यदि पंजीकरण प्रमाणपत्र खो जाए, नष्ट हो जाए या क्षतिग्रस्त हो जाए, तो स्वामी अधिनियम की धारा 26(1) के अधीन निर्धारित शुल्क के साथ इलेक्ट्रॉनिक या भौतिक माध्यम से एसआर प्रपत्र-। में पंजीकरण अधिकारी को आवेदन करेगा।

17. पंजीकरण प्रमाणपत्र में परिवर्तन या संशोधन की प्रक्रिया-

यांत्रिक रूप से चालित अन्तर्देशीय जलयान का स्वामी या संचालक या मास्टर जलयान में किसी परिवर्तन या उपान्तरण की तिथि से 30 दिनों के भीतर अन्तर्देशीय जलयान (पंजीयन एवं अन्य तकनीकी मामले) नियम-2022 (यथासंशोधित) के अधीन विहित प्रारुप-15 में अधिनियम की धारा 28(1)(2) के अधीन आवश्यक दस्तावेजों और विहित शुल्क सहित आवेदन करेगा।

18. पंजीकरण प्रमाणपत्र का निलंबन एवं रद्दकरण- अधिनियम की धारा-31 एवं 32 के अधीन रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी यांत्रिक रुप से संचालित अन्तर्देशीय जलयानों के संबंध में कार्यवाही हेतु अधिकृत होगा। निरीक्षण ऐसे व्यक्ति या प्राधिकारी द्वारा किया जायेगा जिसे राज्य सरकार द्वारा समान्य या विशेष आदेश के माध्यम से प्राधिकृत किया जायेगा।

19. पंजीकरण शुल्क -

(1) अधिनियम के अध्याय पांच धारा 24(1), 26(2), 28(2) तथा संबंधित केंद्रीय नियमों के अधीन किसी अन्तर्देशीय जलयान के पंजीकरण हेतु संदेय शुल्क संलग्न अनुसूची-2 के अनुसार संदेय होगी।

(2) अधिनियम, केन्द्रीय नियमों तथा इन नियमों के अधीन संदेय शुल्क एवं शास्ति का संदाय उत्तर प्रदेश अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के बैंक खाता में यूपीआई, क्यूआर कोड, नेट बैंकिंग अथवा अन्य ऑन लाइन माध्यमों से जमा किया जायेगा।

(3) अधिनियम या इन नियमों के अधीन संदाय किया गया कोई शुल्क वापस नहीं किया जाएगा।

(4) विलम्ब से किये गये आवेदन पर विहित शुल्क के अतिरिक्त तो प्रत्येक माह या उसके अंश के लिए पाँच प्रतिशत की दर से अतिरिक्त शुल्क अधिरोपित किया जाएगा, परंतु विलंब शुल्क निर्धारित शुल्क की दो गुनी राशि से अधिक नहीं होगा।

(5) अनुसूची-1 में उल्लिखित शुल्क इलेक्ट्रॉनिक या किसी अन्य विहित विधि से संदाय किया जाएगा और राज्य प्राधिकरण निधि में जमा किया जाएगा।

अध्याय-छः

चालक दल प्रबंधन, योग्यता, प्रशिक्षण, परीक्षा और प्रमाणीकरण

20. इस अध्याय के नियम केन्द्र सरकार द्वारा बनाये गये अन्तर्देशीय जलयान (चालक दल) नियम-2022 (यथा संशोधित) में अन्तर्देशीय यांत्रिक रुप से चालित यानों के लिये विनिर्दिष्ट उपबन्धों केअनुसार होंगे।

21. राज्य प्राधिकरण या राज्य सरकार द्वारा अधिसूचना या विशेष आदेश के माध्यम से अधिकृत कोई अधिकारी या प्राधिकरण अधिनियम की धारा 37 और धारा 38 के अधीन विनिर्दिष्ट कार्यों और कर्तव्यों का निर्वहन करेगा।

22. प्रमाणपत्र धारक का अभिलेख और केंद्रीय अभिलेखः

(1) अधिनियम के अध्याय-6 के अधीन जारी, स्वीकृत, रद्द या निलंबित किए गए प्रमाणपत्रों या अन्य किसी भी प्रकार के निष्पादन से संबंधित विवरण और आंकड़े राज्य प्राधिकरण द्वारा विनिर्दिष्ट प्रारूप और यथा विहित रीति से, जो राज्य सरकार की स्वीकृति के अध्यधीन होंगें, रजिस्टरों में रखरखाव किया जाएगा।

(2) राज्य सरकार अधिनियम की धारा 41 की उपधारा (2) के अनुसार केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित नियमित अंतराल पर जारी, अनुमोदित, रद्द या निलंबित किए गए प्रमाणपत्रों के विवरण और आंकड़े तथा संबंधित प्राधिकरण द्वारा की गई अन्य टिप्पणियों से सम्बन्धित जानकारी प्रदान करेगी और उसे अद्यतन करेगी।

अध्याय-सात

विशेष श्रेणी के जलयान

23. अधिनियम के अध्याय- सात के अधीन विशेष श्रेणी के जलयानों के संबंध में उपबंधों को राज्य सरकार द्वारा अथवा राज्य प्राधिकरण के माध्यम से अन्तर्देशीय जलयान अधिनियम-2021 (यथासंशोधित) के अधीन निर्गत करते हुये लागू किया जायेगा।

अध्याय - आठ

अन्तर्देशीय यांत्रिक रूप से चालित जलयानों द्वारा प्रदूषण की रोकथाम

{अधिनियम की धारा 54(3)(5)(6)}

24. प्रदूषण सर्वेक्षक एवं निरीक्षण प्राधिकारी की नियुक्ति-अधिनियम की धारा 53(2), 55(1) एवं 56(1) के प्रयोजन हेतु इस नियम की धारा-10 के अधीन नियुक्त सर्वेक्षक ही प्रदूषण सर्वेक्षक के रूप में भी कार्य करेगा। इस प्रयोजन के लिए पृथक फीस अनुसूची-1 के अनुरूप संदेय होगी।

25. अपशिष्ट निस्तारण सुविधा शुल्क- तेल, तैलीय मिश्रण, सीवेज, कचरा, हानिकारक रसायन या अन्य दुर्गंधयुक्त पदार्थों को निस्तारित/उतारने हेतु अपशिष्ट निस्तारण सुविधाएँ प्रदान करने वाला यात्री या माल टर्मिनल का स्वामी या संचालक राज्य सरकार/राज्य प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर जारी आदेश के अनुसार, राज्य सरकार के अनुमोदन के अधीन, विहीत दरों पर शुल्क प्राप्त करेगा।

26. अपशिष्ट निस्तारण सुविधाएँ और प्रदूषण का नियंत्रणः

(1) यात्री या स्थोरा टर्मिनल का स्वामी या संचालक या मास्टर, केंद्रीय सरकार या राज्य सरकार द्वारा नियुक्त अधिकारी को, राज्य प्राधिकरण द्वारा विनिर्दिष्ट प्रारूप में और विहित रीति से, जो राज्य सरकार के अनुमोदन के अध्यधीन होगी, अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।

(2) राज्य प्राधिकरण, लिखित आदेश द्वारा, यात्री या स्थोरा टर्मिनल के स्वामी या परिचालक से विनिर्दिष्ट प्रारूप में अनुपूरक अनुपालन रिपोर्ट की मांग कर सकता है, जिसे यात्री या स्थोरा टर्मिनल के स्वामी या परिचालक द्वारा विहित अवधि में प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा।

27. **बंदरगाह अपशिष्ट निस्तारण सुविधाओं पर प्रदूषकों के निस्तारण की विधिः**

(1) कोई भी अन्तर्देशीय यांत्रिक रूप से चालित जलयान का स्वामी या संचालक या मास्टर निम्नलिखित रीति के अनुसार बंदरगाह अपशिष्ट निस्तारण सुविधाओं पर प्रदूषकों का निस्तारण करेगा-

(क) **नामनिर्दिष्ट अपशिष्ट निस्तारण सुविधाएँ-** अन्तर्देशीय यांत्रिक रूप से चालित जलयान केवल राज्य प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित बंदरगाह अपशिष्ट निस्तारण सुविधाओं पर ही प्रदूषकों का निस्तारण करेगा।

(ख) **पृथक्करण और भंडारणः** अन्तर्देशीय यांत्रिक रूप से चालित जलयान विभिन्न प्रकार के प्रदूषकों को अलग-अलग करेगा और उन्हें निर्धारित ऑन-बोर्ड टैंकों या कंटेनरों में संग्रहीत करेगा।

(ग) **कचरा पात्रों का उपयोगः** प्रदूषकों को बंदरगाह प्रदूषक निस्तारण सुविधा द्वारा प्रदत्त कचरा पात्रों में इस रीति से निस्तारित किया जाएगा कि फैलाव या रिसाव न हो।

(घ) **सुविधा संबंधी आवश्यकताओं का अनुपालनः** जलयान बंदरगाह प्रदूषक निस्तारण सुविधा द्वारा विहित समस्त विशिष्ट प्रक्रियाओं या आवश्यकताओं जिनमें समय, स्थान या मात्रा संबंधी सीमाएँ शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं, का पालन करेगा।

(ड.) **निस्तारण की विधिः** राज्य प्राधिकरण अन्तर्देशीय जलयान (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) नियम, 2022 का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए प्रदूषकों के निपटान की प्रक्रिया विहित कर सकता है। अन्तर्देशीय यांत्रिक रूप से चालित जलयानों द्वारा प्रदूषकों की प्रकृति और मात्रा के संबंध में रिपोर्ट या दस्तावेज प्रस्तुत करने की आवश्यकता हो सकती है।

(2) राज्य प्राधिकरण, लिखित आदेश के माध्यम से, यात्री या स्थोरा टर्मिनल के स्वामी या संचालक के लिए प्रदूषकों के निस्तारण की अन्य उपयुक्त विधियाँ भी विहित कर सकता है, जैसा वह उचित समझे।

अध्याय - नौ
मलबे और बचाव कार्य

28. अधिनियम की धारा 58(1) के अधीन रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी अपनी अधिकारिता के भीतर मलबे के प्राप्तकर्ता होंगे।

अध्याय - दस
दायित्व एवं दायित्व की सीमाएँ

29. इस अध्याय के अधीन प्राधिकृत अधिकारी-

यांत्रिक रूप से चालित अन्तर्देशीय जलयानों के रजिस्ट्रार को अधिनियम के अध्याय ग्यारह धारा-63 तथा उसके अधीन बनाए गए नियमों के अनुसार, किसी यांत्रिक रूप से चालित अन्तर्देशीय जलयानों को किसी दावे या अपराध के संबंध में निरूद्ध करने का अधिकार रखेगा।

30. **यांत्रिक रूप से चालित अन्तर्देशीय जलयान को निरूद्ध और अवमुक्त करने की प्रक्रिया -**

(1) यदि उपरोक्त धारा 29 के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी को यह मानने का कारण हो कि कोई अन्तर्देशीय यांत्रिक रूप से चालित जलयान अधिनियम के अध्याय ग्यारह के उपबंधों के उल्लंघन में उपयोग किया गया है या किया जा रहा है, तो वह ऐसे जलयान को निरूद्ध कर सकता है। अन्तर्देशीय यांत्रिक रूप से चालित जलयान के स्वामी या संचालक या मास्टर प्रभारी व्यक्ति या चालक दल के सदस्य को निरूद्ध करने का आदेश जारी करेगा, जिसमें निरूद्ध करने के कारण स्पष्ट रूप से उल्लिखित होंगे, तथा वह जलयान की अस्थायी अभिरक्षा हेतु आवश्यक कदम उठाएगा या व्यवस्था करेगा।

(2) जहाँ किसी अन्तर्देशीय यांत्रिक रूप से चालित जलयान को निरूद्ध किया गया है, वहाँ स्वामी या संचालक या प्रभारी मास्टर या चालक दल का सदस्य, राज्य प्राधिकरण द्वारा विनिर्दिष्ट इलेक्ट्रॉनिक या अन्य प्रारूप में, आवश्यक दस्तावेजों सहित संबंधित प्राधिकारी के समक्ष जलयान की निर्मुक्त के लिए आवेदन कर सकता है। संबंधित प्राधिकारी, दस्तावेजों के सत्यापन के पश्चात, उपयुक्त शर्तों के अध्यधीन एवं राज्य प्राधिकरण द्वारा विनिर्दिष्ट जुर्माना अथवा शास्ति का सदाय किए जाने पर, आदेश द्वारा अन्तर्देशीय यांत्रिक रूप से चालित जलयान को निर्मुक्त कर सकता है।

31. **शुल्क और प्रभार:**

(1) निरूद्ध किये गए या जब्त किए गए अन्तर्देशीय यांत्रिक रूप से चालित जलयान की सुरक्षित अभिरक्षा एवं अनुरक्षण के लिए लगाए जाने वाले प्रभार, शास्ति एवं अन्य देय इन नियमों के अधीन संलग्न अनुसूची-1 के अनुरूप संदेय होगा।

(2) उक्त प्रभार, शास्ति एवं अन्य देय राज्य प्राधिकरण के बैंक खाते में यू0पी0आई0, क्यू0आर0कोड0, नेट बैंकिंग अथवा अन्य ऑनलाईन माध्यम से जमा किया जाएगा।

अध्याय - ग्यारह

अन्तर्देशीय यांत्रिक रूप से चालित जलयानों के दुर्घटना, आकस्मिक क्षति या विनाशग्रस्त होने की जाँच

32. इस अध्याय के अधीन प्राधिकृत अधिकारी - अन्तर्देशीय यांत्रिक रूप से चालित जलयानों के रजिस्ट्रार या कोई अन्य अधिकारी, जिसे राज्य सरकार द्वारा अधिकृत किया गया हो, अधिनियम के अध्याय-तेरह एवं उसके तद्धीन बनाए गए नियमों के अनुसार विनिर्दिष्ट कार्यों के निर्वहन हेतु नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी होगा।

33. **सूचना का प्रारूप और रीति -**

(1) किसी अन्तर्देशीय यांत्रिक रूप से चालित जलयान का स्वामी या संचालक या मास्टर को जब भी अन्तर्देशीय जलक्षेत्रों में किसी अंतर्देशीय जलयान के ध्वंस, परित्याग, क्षति, हताहत, दुर्घटना, विस्फोट या हानि का सामना करे, तो वह एस.आर.प्रपत्र-2 में निकटतम पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी को तथा नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी को सूचना देगा।

(2) सूचना विनिर्दिष्ट पोर्टल, या ई-मेल, अन्य कोई इलेक्ट्रानिक माध्यम भौतिक माध्यम, या दोनों माध्यम से, जैसा कि राज्य प्राधिकरण अवधारित करे, प्रस्तुत करेगा।

34. अन्तर्देशीय जलक्षेत्रों में दुर्घटनाओं की जाँच के लिए जिला मजिस्ट्रेट की शक्तियाँ एवं प्रक्रिया-

(1) राज्य सरकार के निदेश पर, जिला मजिस्ट्रेट अपनी अधिकारिता में घटित घटनाओं की जांच प्रारंभ कर सकता है और अधिनियम की धारा 75 की उपधारा (2) के अधीन अतिरिक्त प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगा।

(2) जिला मजिस्ट्रेट या उसके द्वारा गठित जांच समिति को, अध्याय तेरह के अधीन जांच के प्रयोजनों से साक्षियों को बुलाने, साक्ष्यों का परीक्षण करने तथा संबंधित दस्तावेजों की प्रस्तुति कराने का अधिकार होगा।

(3) जिला मजिस्ट्रेट या जांच समिति, जलयान स्वामियों, संचालकों, चालक दल के सदस्यों एवं संबंधित प्राधिकारियों सहित समस्त सम्बंधित पक्षों को जांच की सूचना देते हुए नोटिस जारी करेगा।

(4) जिला मजिस्ट्रेट या जांच समिति सुनवाई करेगी, साक्षियों का परीक्षण करेगी और समुद्री घटना से संबंधित साक्ष्य एकत्र करेगी।

(5) जांच की कार्यवाही निष्पक्ष और बिना भेदभाव के की जाएगी।

(6) जिला मजिस्ट्रेट या जांच समिति, कार्यवाही के समस्त अभिलेखों का अनुरक्षण करेगी, जिसमें अभिलेख, प्रदर्ष और अन्य प्रासंगिक दस्तावेज सम्मिलित होंगे।

(7) जांच पूर्ण होने पर, जिला मजिस्ट्रेट या जांच समिति दुर्घटना के सम्बन्ध में अपने निष्कर्षों, परिणामों एवं अनुशंसाओं सहित प्रतिवेदन तैयार करेगी।

(8) यदि जांच उक्त समिति द्वारा की गई हो, तो जिला मजिस्ट्रेट समिति को प्रतिवेदन की समीक्षा करने या अनुपूरक प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए कह सकता है।

(9) जांच का प्रतिवेदन जिला मजिस्ट्रेट द्वारा राज्य सरकार को प्रस्तुत किया जाएगा तथा उसकी एक प्रति संबंधित जिला के न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी को भेजी जाएगी।

35. कर-निर्धारकों के लिए अर्हता, मानदंड, पारिश्रमिक, शुल्क या प्रभार -

कर-निर्धारक भारत सरकार के अधिनियम के अध्याय-13 के धारा-76 के उत्तरादायित्व का निर्वहन करेगा। इन नियमों के नियम-10 (क) के अधीन सर्वेक्षण हेतु नामनिर्दिष्ट संस्था/सर्वेक्षक द्वारा कर निर्धारकों के दायित्वों का भी निर्वहन किया जायेगा। कर निर्धारकों के लिये प्रतिफल पारिश्रमिक, शुल्क या प्रभार इन नियमों से संलग्न अनुसूची-1 के अनुसार होगा।

अध्याय- बारह
नौचालन सेवा, जलयान निरोधन और विकास निधि

36. नौचालन सेवा की आवश्यकताः

राज्य सरकार की अधिकारिता के भीतर स्थित विनिर्दिष्ट अंतर्देशीय जलमार्गों के संपूर्ण अथवा आंशिक भाग अथवा ऐसे मार्ग जिनके संबंध में अधिनियम की धारा 83 की उपधारा (1) के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा कोई निदेश नहीं किया गया है, उनके लिए नौचालन सेवा की आवश्यकताएँ राज्य प्राधिकरण द्वारा, राज्य सरकार के अनुमोदन के अध्यधीन विनिर्दिष्ट की जा सकती हैं।

37. इस अध्याय के अधीन प्राधिकृत अधिकारीः

अन्तर्देशीय यांत्रिक रूप से चालित जलयानों के रजिस्ट्रार अधिनियम की धारा 85 की उपधारा (1) के अधीन किसी यांत्रिक रूप से चालित जलयान को निरोधित करने का अधिकार रखेगें।

38. निरोधन तथा निर्मुक्ति की प्रक्रियाः

(1) रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी को यदि यह विश्वास करने का कारण है कि कोई भी अन्तर्देशीय यांत्रिक रूप से चालित जलयान अधिनियम की धारा 85(1) का उल्लंघन करते हुए प्रयुक्त किया गया है या किया जा रहा है, तो वह अन्तर्देशीय यांत्रिक रूप से चालित जलयान के स्वामी, संचालक या प्रभारी व्यक्ति को निरूद्ध करने का आदेश जारी कर सकता है। आदेश में निरूद्ध करने के कारणों को विनिर्दिष्ट करेगा और इस प्रयोजन के लिए वह जलयान की अस्थायी अभिरक्षा के लिए आवश्यक समझे जाने वाले कोई भी उपाय कर सकता है या करवाने को बाध्य कर सकता है।

(2) जब किसी अन्तर्देशीय यांत्रिक रूप से चालित जलयान को निरूद्ध किया गया हो, तो उसका स्वामी, संचालक या प्रभारी व्यक्ति राज्य प्राधिकरण द्वारा विनिर्दिष्ट इलेक्ट्रॉनिक या अन्य प्रारूप में, आवश्यक दस्तावेजों सहित, संबंधित प्राधिकारी के समक्ष निर्मुक्ति हेतु आवेदन कर सकता है। रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी, दस्तावेजों के सत्यापन के पश्चात, ऐसी शर्तों के अध्यधीन जिन्हें वह उपयुक्त समझे तथा उस पर लगाए गए अर्थदंड या दंड के भुगतान की शर्त पर, जैसा कि इस नियम के अनुसूची-1 में उल्लिखित है, आदेश द्वारा अन्तर्देशीय यांत्रिक रूप से चालित जलयान को निर्मुक्त कर सकता है।

39. शुल्क एवं प्रभारः

(1) निरूद्ध या जब्त अन्तर्देशीय यांत्रिक रूप से चालित जलयान की सुरक्षित अभिरक्षा एवं अनुरक्षण हेतु शुल्क एवं प्रभार, इन नियमों के अनुसूची-1 में विनिर्दिष्ट दरों पर संदेय होगा।

(2) ऐसा शुल्क एवं प्रभार इलेक्ट्रॉनिक या अन्य किसी माध्यम से राज्य प्राधिकरण के बैंक खाते में यू0पी0आई0, क्यू0आर0कोड0, नेट बैंकिंग व अन्य ऑनलाईन माध्यमों से जमा किए जाएँगे।

40. राज्य विकास निधिः अधिनियम की धारा 86 के अधीन विकास निधि का गठन किया जाएगा।

(1) विकास निधि का उपयोग निम्नलिखित प्रयोजनों के लिए किया जाएगा,

(क) आपातकालीन तैयारियों की पूर्ति हेतु;

(ख) तेल, मिश्रणों, अपवर्ज्य पदार्थों, रसायनों, अस्वास्थयकर या अन्य हानिकारक पदार्थों के रिसाव से उत्पन्न प्रदूषण को नियंत्रित करने हेतु, जिससे अंतर्देशीय जल की सुरक्षा एवं संरक्षण को सुनिश्चित किया जा सके;

(ग) उन व्यक्तियों या आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों की आंशिक अथवा पूर्ण वित्तीय सहायता करने हेतु जो अंतर्देशीय जल पर आधारित व्यापार अथवा जीविकोपार्जन में संलग्न हैं;

(घ) अज्ञात अन्तर्देशीय यांत्रिक रूप से चालित जलयान के मलबे या अवरोधों को हटाने हेतु जो नौवहन को प्रभावित या बाधित करते हैं; तथा

(ड.) अंतर्देशीय जल नौवहन के विकास कार्यों को सुरक्षा और परिवहन की सुविधा के दृष्टिकोण से प्रोत्साहित करने हेतु।

(2) निम्नलिखित स्रोतों से सहायता लेकर विकास कोष की स्थापना के लिए प्रयास किये जायेंगे।

(क) राज्य सरकार;

(ख) हितधारकों;

(ग) अन्तर्देशीय यांत्रिक रूप से चालित जलयान के मलबे या स्थोरा अथवा उसके अवशेष की बिक्री से व्यय की कटौती के पश्चात प्राप्त राशि,

(घ) न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में किसी संपत्ति, अन्तर्देशीय यांत्रिक रूप से चालित जलयान अथवा माल के बिक्रय से प्राप्त आय में से न्यायालय अथवा प्रशासनिक तंत्र के व्ययों का समायोजन करने के पश्चात् अधिशेष निधि।

(ड.) अन्तर्देशीय यांत्रिक रुप से चालित जलयान/स्थोरा वाहन से शुल्क, शास्ति आदि से प्राप्त धनराशि का न्यूनतम 50 प्रतिशत अथवा ऐसी धनराशि जैसा कि उत्तर प्रदेश अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर अवधारित किया जाय, राज्य प्राधिकरण के खाते में जमा की जायेगी।

(3) **राज्य विकास निधि के प्रचालन हेतु समिति का गठन**- अधिनियम की धारा-86 के अधीन गठित होने वाली विकास निधि का प्रचालन राज्य स्तरीय समिति द्वारा किया जायेगा, जो निम्नवत् होगी-

क्रमांक	पदनाम	प्रास्थिति
1	**2**	**3**
1	अध्यक्ष,उ0प्र0 अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण	अध्यक्ष
2	अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, परिवहन, उ0प्र0	सदस्य
3	परिवहन आयुक्त, उ0प्र0	सदस्य
4	मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उ0प्र0 अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण	सदस्य
5	प्रमुख सचिव वित, उ0प्र0 द्वारा नामनिर्दिष्ट विशेष सचिव	सदस्य
6	प्रमुख सचिव पर्यटन, उ0प्र0 द्वारा नामनिर्दिष्ट विशेष सचिव पर्यटन	सदस्य
7	प्रमुख सचिव सिंचाई, उ0प्र0 द्वारा नामनिर्दिष्ट विशेष सचिव	सदस्य
8	अपर परिवहन आयुक्त (प्रशासन), उ0प्र0	सदस्य सचिव
9	अध्यक्ष द्वारा नामनिर्दिष्ट प्रतिनिधि	सदस्य
10.	सचिव राजस्व/राहत आयुक्त, राजस्व विभाग	विशेष आमंत्रित सदस्य

समिति के कृत्य- समिति अधिनियम की धारा-86 के अधीन गठित विकास निधि में प्राप्त धनराशि के लेखाओं का अनुरक्षण करेगी उसका उचित उपयोग सुनिश्चित करेगी मण्डल तथा जिला स्तर पर गठित जल परिवहन प्रबंधन, सुरक्षा

http://shadi.deeh.up.gov.in

एवं सलाहकार समितियों की आवश्यकतानुसार क्षेत्रीय स्तर पर वित्तीय आर्थिक सहायता प्रदान करेगी एवं व्यय अभिलेखों का अनुरक्षण तथा लेखा परीक्षा करेगी।

अध्याय - तेरह
अपराध एवं शास्तियां

41. रसीद प्रपत्रों, लेखा-अनुरक्षण, फीस की दरें एवं अंतराल, अतिरिक्त प्रभार और शास्तियों से सम्बन्धित प्रक्रिया-

अधिनियम के अधीन दरों और अंतराल सहित संदेय फीस और अतिरिक्त फीस और किसी शास्ति के विरूद्ध अन्य प्रभार या भुगतान, और ऐसी राशि की प्राप्ति, संकलन, लेखांकन एवं उत्तरदायित्व से संबंधित प्रक्रियाएँ, रसीदों के प्रारूप, लेखा अनुरक्षण तथा अन्य आवश्यक मामले, अधिनियम की धारा 89 के अधीन, राज्य सरकार की स्वीकृति के अध्यधीन, राज्य प्राधिकरण द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाएगा, जब तक परिशिष्ट में विनिर्दिष्ट न हो।

42. विचारण का स्थानः

राज्य सरकार, अधिनियम या तद्धीन बनायी गयी नियमावली के किसी भी उपबन्ध का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विचारण हेतु स्थानों को अधिसूचित करेगी।

अध्याय - चौदह
आपातकालीन तैयारी, अपील सलाहकार समिति और रजिस्ट्रीकरण/सर्वेक्षण हेतु एवं पंजीकरण एवं सर्वेक्षण का पत्तन अथवा कार्यालय

43. आपातकालीन तैयारीः

राज्य प्राधिकरण समय-समय पर ऐसे उपाय विनिर्दिष्ट कर सकता है जिनसे नौवहन सुरक्षा, मानव जीवन की सुरक्षा या अंतर्देशीय जल के संरक्षण को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करने वाली किसी आपात स्थिति या संकट की स्थिति को न्यूनतम किया जा सके या उसका सामना किया जा सके।

44. अपील-

(1) अन्तर्देशीय जलयान अधिनियम, 2021 (यथासंशोधित) की धारा 105 के अनुपालनार्थ राज्य सरकार के परिवहन विभाग के अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव अपील प्राधिकारी होंगे।

(2) अपीलीय प्राधिकारी द्वारा अपीलकर्ता को सुनवाई का अवसर प्रदान करने और कारणों को अभिलिखित करने के पश्चात् उचित आदेश पारित करेगा, जो अंतिम होगा।

45. रजिस्ट्रीकरण और सर्वेक्षण हेतु पत्तन अथवा कार्यालयः संचालित अन्तर्देशीय जलयान के रजिस्ट्रीकरण और सर्वेक्षण के प्रयोजन से, उत्तर प्रदेश राज्य में स्थित सभी पत्तनों या रजिस्ट्रीकरण एवं सर्वेक्षण कार्यालयों की प्रशासनिक अधिकारिता, इस नियमावली के परिशिष्ट-1 के अनुसार होगी।

अध्याय- पंद्रह
गैर-यांत्रिक संचालित अन्तर्देशीय जलयानों से सम्बन्धित उपबन्ध

46. परिभाषाएं- जब तक कि इस नियमावली के इस अध्याय के संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो-

(1) **"अपील प्राधिकारी"** का तात्पर्य संबंधित संभाग के संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) से है जिसके द्वारा नामांकन प्राधिकारी अथवा सक्षम प्राधिकारी के किसी विनिश्चय/आदेश के विरूद्ध की गयी अपील का निस्तारण किया जायेगा।

(2) **''नौका घाट/नौका टर्मिनल''** का तात्पर्य लकड़ी, ईंट, पत्थर, लोहा, कंक्रीट, उच्च घनत्व पॉलीथीन (एचडीपीई)/फाइबर ग्लास-प्रबलित प्लास्टिक (एफआरपी) फ्लोटर्स आदि से बने एक चबूतरे/डेक से है, जिसका उपयोग जल निकायों में प्रवेश करने के लिए और चालक दल और यात्रियों के चढ़ने/उतरने के साथ-साथ माल, पशुओं और मवेशियों, वस्तुओं और सामग्रियों आदि को लादने और उतारने करने के लिए उपयोग किया जाता है।

(3) **"सक्षम प्राधिकारी"** का तात्पर्य संबंधित जिला के सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) से है जिसके द्वारा नामांकन प्राधिकारी के किसी विनिश्चय/आदेश के विरूद्ध की गयी शिकायत का निस्तारण किया जायेगा।

http://transport.uttarpradesh.up.gov.in

(4) **''वाणिज्यिक संचालन"** का तात्पर्य किराया, फीस अथवा लाभ के लिए गैर-यांत्रिक संचालित अन्तर्देशीय जलयान के संचालन से है।

(5) **''स्थोरा जलयान''** का तात्पर्य गैर-यांत्रिक संचालित अन्तर्देशीय जलयान से है, जो सामान्यतः पशुओं सहित सभी प्रकार की चल या व्यक्तिगत संपत्ति का परिवहन करता है।

(6) **''विभाग''** का तात्पर्य उत्तर प्रदेश राज्य के परिवहन विभाग से है, या राज्य सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट किसी ऐसे विभाग से है, जो नौकाओं और इन नौकाओं पर कार्यरत कार्मिकों के नामांकन/निरीक्षण और रजिस्ट्रीकरण जारी करने/निलंबित करने/रद्द करने के लिए प्राधिकृत है;

(7) **"नामांकन"** का तात्पर्य गैर-यांत्रिक संचालित अन्तर्देशीय जलयान का सक्षम प्राधिकारी के अभिलेखों में रजिस्ट्रीकरण से है।

(8) **''गैर-यांत्रिक संचालित अन्तर्देशीय जलयान निरीक्षक''** का तात्पर्य इस नियमावली के अधीन नौका निरीक्षण हेतु राज्य सरकार अथवा राज्य सरकार द्वारा प्राधिकृत किसी विभाग/प्राधिकरण/संस्था द्वारा नियुक्त व्यक्ति से है।

(9) **''गैर-यांत्रिक संचालित अन्तर्देशीय जलयान''** का तात्पर्य ऐसे जलयान से है जो इंजन, मोटर अथवा यांत्रिक शक्ति से संचालित नहीं किया जा सकता है परन्तु मानव बल, पतवार, डंडा, पाल अथवा अन्य प्राकृतिक साधनों से संचालित किया जाता है।

(10) **''गैर-यांत्रिक संचालित अन्तर्देशीय जलयान स्वामी''** का तात्पर्य उस व्यक्ति/संस्था से है जिसके नाम पर गैर-यांत्रिक संचालित अन्तर्देशीय जलयान रजिस्ट्रीकृत है।

(11) **''गैर-यांत्रिक संचालित अन्तर्देशीय जलयान संचालक''** का तात्पर्य उस व्यक्ति जो गैर-यांत्रिक नोदित अन्तर्देशीय जलयान का संचालन करता हो।

(12) **"यात्री जलयान"** का तात्पर्य ऐसे गैर-यांत्रिक संचालित अन्तर्देशीय जलयान से है जो व्यक्तियों के परिवहन हेतु उपयोग किया जाता हो।

(13) **''निर्बन्धित क्षेत्र''** का तात्पर्य ऐसे जलक्षेत्रों से है जहाँ राज्य सरकार द्वारा गैर-यांत्रिक संचालित अन्तर्देशीय जलयान का संचालन प्रतिषिद्ध किया गया हो।

(14) **''परंपरागत गैर-यांत्रिक संचालित अन्तर्देशीय जलयान नौचालक''** का तात्पर्य उस व्यक्ति से है जो परंपरागत रूप से गैर-यांत्रिक नोदित अन्तर्देशीय जलयान का संचालन करता है लेकिन जिसके पास औपचारिक अर्हता या प्रशिक्षण नहीं हो सकती है।

(15) **''नामांकन प्राधिकारी''** का तात्पर्य परिवहन विभाग में जिला मुख्यालय पर तैनात मोटरयान निरीक्षक तथा तहसील स्तर पर तैनात सहायक मोटर यान निरीक्षक से है, जो अपनी-अपनी अधिकारिता के लिए नामांकन प्राधिकारी होंगे और अधिनियम की धारा-91(1) के अधीन गैर-यांत्रिक संचालित जलयानों के डेटाबेस को संकलित और अनुरक्षित करेंगें।

(16) **''उद्धारण''** का तात्पर्य किसी दुर्घटना या अन्य नदी दुर्घटना के बाद नौका और उसके कार्गो को पुनः प्राप्त करने की प्रक्रिया से है। उद्धारण में नौका को अनुकर्षण करना, उठाना या उसकी मरम्मत करना सम्मिलित हो सकता है।

(17) **''क्रीड़ा जलयान''** का तात्पर्य गैर-यांत्रिक संचालित अन्तर्देशीय क्रीड़ा जलयान से है, जिनका उपयोग क्रीड़ा, व्यक्तिगत उपयोग या किसी अन्य ऐसे प्रयोजन के लिए किया जाता है।

(18) **''राज्य प्राधिकरण''** का तात्पर्य उत्तर प्रदेश अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण से है। परन्तु यह कि इसमें प्रयुक्त किन्तु अपरिभाषित शब्दों और पदों का वही अर्थ होंगे जो केन्द्रीय नियमों या अधिनियम में क्रमशः समानुदेशित हैं।

47. प्रशासन और क्रियान्वयन - अन्तर्देशीय जलयान अधिनियम-2021 की धारा-91(1) के अधीन परिवहन विभाग गैर यांत्रिक नोदित अन्तर्देशीय जलयान के संचालन, प्रशासन एवं विनियमन हेतु प्राधिकृत होगा। इसके अधीन जिला स्तर पर

http://uptransport.up.gov.in

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) अथवा राज्य सरकार द्वारा प्राधिकृत कोई प्राधिकारी क्रियान्वयन हेतु उत्तरदायी होंगें, जिसका कर्तव्य निम्नवत् होगाः-

(1) अन्तर्देशीय जलयान अधिनियम-2021 (यथासंशोधित) के अध्याय-17 के अधीन नामांकन प्राधिकारी के माध्यम से गैर यांत्रिक संचालित अन्तर्देशीय जलयान का नामांकन सुनिश्चित करना।

(2) नामांकन प्राधिकारी के माध्यम से नामांकित गैर यांत्रिक संचालित अन्तर्देशीय जलयान के संबंध में डाटा संग्रहीत करना तथा भारत सरकार के सुसंगत पोर्टल एवं उत्तर प्रदेश अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण को रिपोर्ट करना।

(3) नामांकन प्राधिकारी के माध्यम से समय-समय पर जलयान की फिटनेस/सुरक्षित संचालन की जाँच करना।

(4) जिला स्तरीय जल परिवहन प्रबंधन एवं सुरक्षा समिति के सदस्य सचिव के रूप में दायित्वों का निर्वहन करना।

(5) नामांकित गैर यांत्रिक रूप से संचालित अन्तर्देशीय जलयान के स्वामियों, संचालकों या सेवा उपयोगकर्ताओं के लिए मार्गदर्शन देना और जागरूकता कार्यक्रम संचालित करना।

(6) ऐसे अन्य कर्तव्य निष्पादित करना जो राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर सौंपे जाए।

48. गैर यांत्रिक संचालित अन्तर्देशीय जलयान की श्रेणियाँ

इस नियमावली के प्रयोजनार्थ गैर यांत्रिक संचालित अन्तर्देशीय जलयानों का वर्गीकरण निम्नवत् होगा-

क्रम संख्या	**वर्गीकरण का आधार**	**श्रेणी क**	**श्रेणी ख**	**श्रेणी ग**
1	2	3	4	5
1	यात्रियों के वहन की क्षमता	10 से अधिक यात्री	5 से अधिक किंतु 10 से कम यात्री	5 या कम यात्री
2	माल वहन की क्षमता	5 टन से अधिक	3 टन से अधिक किन्तु 5 टन से कम	3 या कम

49. गैर यांत्रिक संचालित जलयानों के निर्माण और सुरक्षा हेतु बुनियादी न्यूनतम मानक- गैर यांत्रिक संचालित जलयानों के निर्माण और सुरक्षा हेतु बुनियादी न्यूनतम मानक ऐसे होंगे जैसा कि इस नियमावली में विनिर्दिष्ट किया जाय अथवा उत्तर प्रदेश सरकार तथा उत्तर प्रदेश् अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर अन्तर्देशीय जलयान अधिनियम, 2021 (यथासंशोधित) की धारा-94 के अधीन गजट अधिसूचना के माध्यम से विहित किया जाय।

50. नामांकन और रजिस्ट्रीकरण-

(1) जिला स्तर पर मोटरयान निरीक्षक तथा तहसील स्तर पर सहायक मोटरयान निरीक्षक नामांकन प्राधिकारी के रूप में दायित्वों का निर्वहन करेंगें। जब तक तहसील स्तर पर सहायक मोटरयान निरीक्षकों की तैनाती नहीं हो जाती है, जिला स्तर पर तैनात मोटरयान निरीक्षक द्वारा अपने जिला के समस्त तहसीलों के नामांकन प्राधिकारी के रूप में कार्य करेगा। जिन जनपदों में एक से अधिक मोटरयान निरीक्षक तैनात होंगे वहाँ परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश किसी एक मोटरयान निरीक्षक को नामांकन प्राधिकारी के रूप में कार्य करने हेतु प्राधिकृत कर सकेगा। किसी जिले में जहां मोटरयान निरीक्षक तैनात न हो, परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश किसी अन्य जिला अथवा मुख्यालय पर तैनात मोटरयान निरीक्षक को ऐसे जिला हेतु नामांकन प्राधिकारी के रूप में कार्य करने लिए प्राधिकृत किया जा सकेगा।

(2) राज्य के भीतर संचालित प्रत्येक गैर यांत्रिक संचालित जलयान का नामांकन अनिवार्य होगा।

(3) गैर यांत्रिक संचालित जलयान के नामांकन हेतु आवेदन विहित प्रपत्र एसआर एनएम-1 पर विहित फीस के साथ किया जाएगा।

(4) गैर-यांत्रिक नोदित अंतर्देशीय जलयान के नामांकन हेतु निम्नलिखित अभिलेख प्रस्तुत किए जाएंगे-

(क) जलयान के स्वामी का पहचान प्रमाण (मतदाता पहचान पत्र अथवा आधार कार्ड या उत्तर प्रदेश अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण द्वारा विहित कोई अन्य दस्तावेज)

(ख) वर्तमान पते/वर्तमान निवास का प्रमाण (मतदाता पहचान पत्र अथवा आधार कार्ड या उत्तर प्रदेश अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण द्वारा विहित कोई अन्य दस्तावेज)

(ग) आवेदक का पासपोर्ट साइज का नवीनतम फोटोग्राफ।

(घ) गैर-यांत्रिक संचालित अन्तर्देशीय जलयान का विवरण एवं फोटो।

(ड.) क्षमता का विवरण।

(च) गैर-यांत्रिक संचालित अन्तर्देशीय जलयान के स्वामित्व का प्रमाणपत्र (नये जलयान की दशा में जलयान निर्माता का प्रमाणपत्र/घोषणापत्र, किसी अन्य व्यक्ति/संस्था से क्रय की स्थिति में क्रय प्रमाणपत्र, पुराने जलयान की दशा में स्वामित्व का घोषणापत्र)

51. नामांकन प्राधिकारी द्वारा जलयान का नामांकन-

(क) नामांकन प्राधिकारी, गैर-यांत्रिक संचालित अन्तर्देशीय जलयान के नामांकन हेतु आवेदन प्राप्त होने पर आवेदन की संवीक्षा करेगा और यदि आवश्यक हो गैर-यांत्रिक नोदित अन्तर्देशीय जलयान का निरीक्षण करेगा एवं प्रपत्र एसआर एनएम-2 पर नामांकन प्रमाणपत्र जारी करेगा।

(ख) गैर-यांत्रिक संचालित अन्तर्देशीय जलयान को एक अद्वितीय नामांकन संख्या जारी किया जाएगा। नामांकन संख्या बारह अक्षरों/अंकों में होगी जिसमें प्रथम दो अक्षर अंग्रेजी में एनएम (गैर यांत्रिक) होंगे अगले दो अक्षर राज्य कोड यूपी होंगें, परिशिष्ट एनएम-1 के अनुसार अगले दो अंक संबंधित जिला यान रजिस्ट्रीकरण कोड (लखनऊ के लिए 32) होंगे, परिशिष्ट एनएम-2 के अनुसार अगले दो अक्षर तहसील कोड (जैसे तहसील सदर हेतु एसआर, मोहनलालगंज हेतु एमजी, बख्शी का तालाब का हेतु बीटी) होंगे तथा अंतिम चार अंक 0001 से 9999 तक क्रमांक होगा। इस प्रकार लखनऊ जिला के लिए प्रथम नामांकन संख्या एनएमयूपी32एसआर0001 होगी। क्रमांक -0001 से 9999 समाप्त हो जाने के उपरांत जिला के रजिस्ट्रीकरण कोड के पश्चात वर्ण ए, बी, सी से जेड तक जोड़े जायेंगे। ए से जेड (आई और ओ अपवर्जित कर) तक पूर्व होने के पश्चात दोहरे वर्ण जैसे एए, एबी, एसी से जेडजेड प्रयोग किया जायेगा।

(ग) गैर-यांत्रिक नोदित अन्तर्देशीय जलयान के लिए जारी की गई संख्या को स्पष्ट अक्षरों एवं अंको में यथाविहित मानक के अनुसार स्टील/एल्युमिनियम प्लेट पर इस प्रकार प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा जिससे वह दूर से सुस्पष्ट दर्शनीय एवं पठनीय हो।

(घ) नामांकन हेतु प्रस्तुत गैर-यांत्रिक संचालित अन्तर्देशीय जलयान राज्य सरकार अथवा उत्तर प्रदेश अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर विहित मानदंडों एवं सुरक्षा मानदंडों का अनुपालन सुनिश्चित करेगा।

(ङ) सक्षम प्राधिकारी गैर-यांत्रिक संचालित अन्तर्देशीय जलयान के नामांकन का विवरण विहित प्रपत्र-एसआर 9 में अनुरक्षित करेगा।

(च) गैर यांत्रिक संचालित अन्तर्देशीय जलयानों का संचालन ऐसे जलक्षेत्रों में नहीं किया जाएगा, जहाँ राज्य सरकार अथवा उत्तर प्रदेश अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण द्वारा जलयानों का संचालन प्रतिषिद्ध किया गया हो।

52. द्विप्रतिक नामांकन प्रमाणपत्र जारी करना- सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी नामांकन प्रमाणपत्र खो जाने, नष्ट हो जाने, विकृत हो जाने की स्थिति में गैर-यांत्रिक संचालित अन्तर्देशीय जलयान स्वामी विहित प्रपत्र एसआर एनएम-3 में अनुसूची-1 के अधीन विहित फीस जमा करने के साथ आवेदन करेगा और फटी/विकृत प्रमाण-पत्र प्रति अथवा खो जाने की स्थिति में प्रथम सूचना रिपोर्ट की प्रति जमा करेगा। ऐसा आवेदन पत्र प्राप्त होने पर नामांकन प्राधिकारी सत्यापन के पश्चात द्विप्रतिक नामांकन प्रमाणपत्र जारी करेगा और उसे अभिलेख/डेटाबेस में अभिलिखित करेगा।

53. नामांकन प्रमाणपत्र युक्त जलयान का अंतरण- यदि नामांकन प्रमाण-पत्र वाले गैर-यांत्रिक संचालित अन्तर्देशीय जलयान का स्वामी जलयान को किसी अन्य व्यक्ति को विक्रय करता है तो स्वामी विहित प्रपत्र एसआर एनएम-4 में अनुसूची-1 के अधीन विहित फीस तथा विक्रय विलेख प्रपत्र एसआर एनएम-5 के साथ नामांकन प्राधिकारी के समक्ष आवेदन करेगा। क्रेता एवं विक्रेता दोनों का पासपोर्ट साइज फोटो एवं निवास/पहचान का प्रमाण भी संलग्न किया जायेगा। ऐसा आवेदन पत्र प्राप्त होने पर सक्षम प्राधिकारी सत्यापन के पश्चात नामांकन प्रमाणपत्र में अंतरण का पृष्ठांकन करेगा और अभिलेख/डेटाबेस में दर्ज करेगा।

54. नामांकन प्रमाणपत्र का निरस्तीकरण - यदि किसी नामांकन प्रमाण पत्र वाले गैर-यांत्रिक संचालित अन्तर्देशीय जलयान का स्वामी घोषित करता है कि जलयान अब उपयुक्त नहीं है, सञ्चालन बंद कर दिया गया है/स्क्रैप कर दिया

गया है, तो स्वामी विहित प्रपत्र एसआर एनएम-6 में स्वप्रमाणित घोषणा प्रपत्र एसआर एनएम-7 सहित नामांकन प्राधिकारी के समक्ष आवेदन करेगा। स्क्रैप प्रमाणपत्र की प्रति भी संलग्न की जाएगी। ऐसा आवेदन पत्र प्राप्त होने पर नामांकन प्राधिकारी सत्यापन के पश्चात नामांकन प्रमाणपत्र निरस्त करेगा और उसे अभिलेख/डेटाबेस में दर्ज करेगा।

55.घाट प्रबंधन-

(1) नामनिर्दिष्ट घाटों से संचालन- संबंधित स्थानीय निकाय/जिला जल परिवहन प्रबंधन, सुरक्षा एवं सलाहकार समिति, विकास प्राधिकरण के माध्यम से घाटों के प्रबंधन हेतु पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। घाटों का पट्टा, प्रबंधन, अनुरक्षण एवं सुरक्षा का उत्तरदायित्व भी स्थानीय निकाय/ जिला जल परिवहन प्रबंधन, सुरक्षा एवं सलाहकार समिति तथा विकास प्राधिकरण का होगा। घाटों को संबंधित स्थानीय निकाय द्वारा पट्टे पर दिये जाने की स्थिति में घाटों के प्रबंधन, अनुरक्षण एवं सुरक्षा का उत्तरदायित्व पट्टाधारक का होगा। गैर-यांत्रिक संचालित अन्तर्देशीय जलयान स्वामी/संचालक संबंधित स्थानीय निकाय द्वारा नामनिर्दिष्ट घाटों से ही केवल संचालन करेंगें। जिन जलक्षेत्रों में घाट उपलब्ध अथवा नामनिर्दिष्ट नहीं है, वहां जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में गठित जिला जल परिवहन प्रबंधन एवं सुरक्षा समिति पट्टा/ठेका की व्यवस्था सुनिश्चित करेगी। जहाँ जिलास्तरीय जलयान कल्याण निधि में धनराशि उपलब्ध है, वहां ऐसे घाटों का प्ररबंधन उक्त निधि के माध्यम से किया जा सकेगा।

(**2) घाट संचालक/पट्टाधारक का उत्तरदायित्व घाट संचालक/पट्टाधारक सुनिश्चित करेगा कि**-

(क) घाट सुरक्षित हो।

(ख) घाट साफ-सुथरा हो।

(ग) चढने-उतरने हेतु उचित व्यवस्था हो।

(घ) रात्रि में स्थायी विद्युत प्रकाश व्यवस्था हो।

(ड.) भीड़ नियंत्रण व्यवस्था उपलब्ध हो।

(च) प्लेटफार्मों और घाटों पर अनिवार्य सुरक्षा नियमों को प्रमुखता से प्रदर्शित करने वाले हिंदी और अंग्रेजी में स्थायी साइनबोर्ड संस्थापित हो।

(छ) प्रत्येक घाट पर बचाव रस्सी, लाइफ बॉय, गोताखोर एवं प्राथमिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो।

(3) यात्रियों हेतु अनुदेश-

(क) लाइफ जैकेट पहनना अनिवार्य होगा।

(ख) गैर-यांत्रिक संचालित अन्तर्देशीय जलयान में खड़े होकर यात्रा करना प्रतिषिद्ध होगा।

(ग) नशे की हालत में यात्रा करना प्रतिषिद्ध होगा।

(घ) ज्वलनशील अथवा परिसंकटमय सामग्री ले जाना प्रतिषिद्ध होगा।

56. गैर यांत्रिक संचालित अन्तर्देशीय जलयान के स्वामियों/संचालकों का उत्तरदायित्व-

(1) संक्षिप्त यात्री सुरक्षा जानकारी-

(क) प्रत्येक यात्रा से पहले, गैर-यांत्रिक संचालित अन्तर्देशीय जलयान संचालकों को स्थानीय/क्षेत्रीय भाषा के साथ-साथ हिंदी में भी सुरक्षा जानकारी देनी होगी।

(ख) इस ब्रीफिंग में प्रमुख सुरक्षा प्रक्रियाओं, सुरक्षा उपस्करों के उपयोग और स्थान, विशेष रूप से लाइफ जैकेट, यात्री क्षमता, गति सीमा, नौचालन नियम, धूम्रपान प्रतिषेध और आपात स्थिति में कार्यवाही सम्मिलित होगी।

(2) लाइफ जैकेट प्रवर्तन-

(क) सवार सभी व्यक्ति विहित सुरक्षा मानकों के अनुरूप लाइफ जैकेट पहनेगें ।

(ख) आपात स्थितियों में लाइफ जैकेट उचित आकार की होगी और सुरक्षित रूप से बांधी जाएगी।

(ग) बच्चे अपनी उम्र और वजन के अनुसार डिज़ाइन की गई लाइफ जैकेट का उपयोग करेंगें।

(घ) बैठने की क्षमता के अनुसार, मजबूत रस्सी के साथ लाइफ बॉय उपलब्ध रखा जाएगा।

(3) संचालन निर्बंधनों का अनुपालन-

(क) अनुभवी व्यक्ति ही जलयान संचालन करेगा।

(ख) नाबालिग व्यक्तियों द्वारा संचालन प्रतिषिद्ध होगा।

(ग) रात्रि मे संचालन केवल पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था होने पर ही अनुमन्य होगा।

(घ) कोई संचालक अल्कोहल या मादक द्रव्यों के प्रभाव में संचालन नहीं करेगा।

(ड.) प्रतिकूल मौसम जैसे-तेज हवाएं, आंधी-तूफान, भारी बारिश और कम दृश्यता के दौरान संचालन प्रतिषिद्ध रहेगा। संचालन केवल सुरक्षित संचालन अवधि के दौरान ही किया जाए।

(च) निर्बन्धित जलक्षेत्रों में संचालन प्रतिषिद्ध होगा।

(छ) गैर-यांत्रिक चालित अन्तर्देशीय जलयान संचालक जलयान को टक्कर से बचाने के लिए अन्य जल उपयोगकर्ताओं से सुरक्षित दूरी बनाएगा।

(4) सुरक्षा उपस्कर प्रत्येक गैर-यांत्रिक अन्तर्देशीय जलयान में निम्न सुरक्षा सामाग्री अनिवार्य होगी-

(क) यात्री क्षमता से 10 प्रतिशत अधिक जीवन रक्षक जैकेट

(ख) न्यूनतम 10 मीटर रस्सी

(ग) प्राथमिक उपचार पेटी

(घ) बैटरी से संचालित प्रकाश व्यवस्था

(ड.) सीटी

(5) अधिकतम भार एवं यात्री सीमा-

(क) जलयान स्वामी/संचालन विनिर्दिष्ट सीमा से अधिक यात्रियों या भार का वहन नहीं करेगा।

(ख) अधिकतम भार/यात्री क्षमता जलयान पर अंकित की जायेगी।

(6) संञ्चालन तत्परता- संचालक यह सुनिश्चित करने के लिए दैनिक निरीक्षण करेंगे कि जलयान संचालन के लिए पूर्णतया उपयुक्त एवं सुरक्षित है, उसमें कोई छिद्र या रिसाव नहीं है और विनिर्माण में प्रयुक्त सामग्री मजबूत है, और टूटी क्षतिग्रस्त या सड़ी हुई नहीं है।

57. आपातकालीन प्रतिक्रिया जलयान-

(क) पर्यटन क्रियाकलापों, मत्स्ययन, यात्रियों एवं स्थूरा के परिवहन क्रियाकलापों से संबंधित प्रत्येक स्थान पर समुचित रूप से सुसज्जित आपातकालीन प्रतिक्रिया नौकाएं त्वरित ख़ोज एवं बचाव हेतु तत्पर उपलब्ध रहेंगी।

(ख) आपातकालीन प्रतिक्रिया जलयानों और संचालित जलयानों का अनुपात 1:10 होगा।

(ग) ऐसे स्थानों पर जहाँ 10 से कम संचालित जलयान कार्यरत है, कम से कम एक गैर-यांत्रिक चालित अंतर्देशीय जलयान को आपातकालीन प्रतिक्रिया जलयान के रूप में नामनिर्दिष्ट और सुसज्जित किया जाएगा।

(घ) जिला जल परिवहन प्रबंधन, सुरक्षा एवं सलाहकार समिति आपातकालीन प्रतिक्रिया जलयान संचालकों की बचाव कौशल दक्षता सुनिश्चित करने के लिए नियमित प्रशिक्षण अभ्यास आयोजित करेगी।

(ङ) सभी आपातकालीन प्रतिक्रिया जलयानों की उपयुक्तता और संचालन क्षमता का वार्षिक निरीक्षण किया जाएगा ताकि उनकी संचालन तत्परता और सुरक्षा मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित किया जा सके।

58. गैर-यांत्रिक चालित अन्तर्देशीय जलयान संचालन हेतु अग्नि सुरक्षा और चालक दल प्रशिक्षण- नौका विहार उपस्कर की प्रकृति और प्रकार के आधार पर, आग लगने से रोकने के लिए निम्नलिखित उपाय अपनाए जाने चाहिए।

(क) जलयान में किसी प्रकार का ज्वलनशील पदार्थ का परिवहन नहीं किया जाना चाहिए और किसी प्रकार की अग्नि स्त्रोत स्टोव आदि का प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए।

(ख) आपातकालीन योजनाएँ तैयार की जानी चाहिए और नियमित रूप से अभ्यास की जानी चाहिए;

(ग) बाल्टी या अग्निशामक यंत्र का उपयोग करके आग बुझाने का प्रयास करना चाहिए।

(घ) किसी भी दहनशील वस्तु को सुरक्षित रूप से जल में फेंका जायेगा।

59. गैर-यांत्रिक नोदित अन्तर्देशीय जलयान का बीमा- राज्य सरकार या राज्य प्राधिकरण यथा अपेक्षित भविष्य में गैर-यांत्रिक नोदित अन्तर्देशीय जलयानों, उनके कार्मिकों एवं यात्रियों के लिए बीमा के संबंध में पृथक अनुदेश जारी किये जा सकेंगें।

60. पर्यावरण संरक्षण-

http://inlandwaterways.up.gov.in

(1) गैर-यांत्रिक नोदित अन्तर्देशीय जलयान के संचालक जलयान पर उत्पन्न सभी ठोस अपशिष्ट को एकत्र करके तट पर निर्दिष्ट स्थानों पर उसका निपटान करेगा।

(2) सभी अपशिष्ट जल को एकत्र किया जाएगा, सुरक्षित रूप से भंडारित किया जाएगा और उत्तरदायित्व से निपटाया जाएगा।

(3) पॉलीथीन थैलों के स्थान पर कागज या कपड़े के थैले के उपयोग को प्रोत्साहित किया जाएगा।

(4) पुनर्चक्रण योग्य कचरे को गैर-पुनर्चक्रण योग्य अपशिष्ट से पृथक करने की व्यवस्था की जाएगी।

(5) स्थानीय पर्यावरण को नुकसान न पहुंचाने के लिए जैव अवकर्षणीय अपशिष्ट का उचित ढंग से निपटान करने के लिए समुचित उपाय किए जाएंगे।

(6) प्रत्येक यात्री को दिखाई देने वाले क्षेत्रों में 'कूड़ा न फैलाएं' के चिन्हयुक्त बोर्ड लगाए जाएंगें।

61. दुर्घटना और जांच-

(1) दुर्घटना के सम्बन्ध में सूचना-किसी भी गैर-यांत्रिक नोदित अन्तर्देशीय जलयान के दुर्घटनाग्रस्त होने पर जलयान का स्वामी/संचालक द्वारा निकटतम पुलिस थाना एवं नामांकन प्राधिकारी को सूचित करेगा।

(2) दुर्घटना की जांच-गम्भीर दुर्घटना के मामले में अध्याय-16 के अधीन गठित जिला जल परिवहन प्रबंधन, सुरक्षा एवं सलाहकार समिति द्वारा दुर्घटना की जांच 07 दिनों के अंदर संचालित की जायेगी।

62. अपराध और शास्तियां- निम्नलिखित अतिक्रमणों के लिए अनुसूची-03 में उल्लिखित शास्तियां गैर-यांत्रिक नोदित अन्तर्देशीय जलयानों के स्वामियों पर अधिरोपित की जायेगी-

(1) बिना नामांकन जलयान का संचालन।

(2) क्षमता से अधिक यात्रियों/स्थोरा ले जाना।

(3) सुरक्षा उपस्करों की अनुपस्थिति।

(4) मत्तता के अधीन संचालन।

(5) प्रतिषेध मौसम/क्षेत्रीय परिस्थितियों के दौरान संचालन।

63. नामांकन का निलम्बन- गम्भीर उपेक्षा की दशा में 07 दिवस की सूचना जारी करने और सुनवाई का अवसर प्रदान करने के पश्चात गैर-यांत्रिक नोदित अन्तर्देशीय जलयान के संचालन के लिए नामांकन या अनुमति निलंबित की जा सकती है। निलंबन की अवधि 03 माह से अधिक नहीं होगी।

64. अपील- नामांकन प्राधिकारी अथवा सक्षम प्राधिकारी के आदेश से व्यथित कोई भी स्वामी ऐसे आदेश की तारीख से 30 दिनों के भीतर विहित प्रपत्र एसआर-एनएम-8 पर अनुसूची-1 में विहित अपील फीस के साथ अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष अपील दायर कर सकता है। अपीलीय प्राधिकारी द्वारा प्राप्त होने से 15 कार्यदिवसों के भीतर अपील का निस्तारण करेगा।

65. गैर यांत्रिक रूप से चालित अन्तर्देशीय जलयानों का रजिस्टर और डेटाबेस का अनुरक्षण:- नामांकन प्राधिकारी अपनी अधिकारिता के भीतर नदियों/नहरों/झीलों/जलाशयों या अन्य किसी जल निकाय में संचालित सभी गैर यांत्रिक चालित अंतर्देशीय जलयानों का डेटाबेस भारत सरकार के पोर्टल या राज्य सरकार के पोर्टल/रजिस्टर पर अनुरक्षित करेगा और उत्तर प्रदेश अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण को मासिक सूचना प्रदान करेगा, जो राज्य के भीतर संचालित ऐसे सभी जलयानों के डेटाबेस को संरक्षित करेगा। ऐसा डेटाबेस निरीक्षण अथवा किसी अन्य प्रयोजन के लिए जब भी अपेक्षित हो उच्च प्राधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया जा सकेगा। उच्च अधिकारी द्वारा आवश्यकता पड़ने पर निरीक्षण या किसी अन्य उद्देश्य के लिए प्राधिकरण द्वारा प्राप्त कराया जा सकेगा। नामांकन का रजिस्टर प्रपत्र एसआर-एनएम-9 में अनुरक्षित किया जाएगा।

66. गैर यांत्रिक रूप से चालित अन्तर्देशीय जलयान के सुरक्षित संचालन और अनुरक्षण के लिए सलाहकार समिति का गठन- इस नियमावली के अध्याय- 16 के अधीन गठित समिति, गैर यांत्रिक रूप से चालित अन्तर्देशीय जलयानों से संबंधित सुरक्षित संचालन और आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने का कार्य संपादित किया जायेगा।

67. कल्याण निधि का गठन- प्रत्येक जिला में गैर यांत्रिक रूप से चालित अंतर्देशीय जलयानों के लिए एक'जिला कल्याण निधि होगा। तद्नुसार प्रत्येक जिले में राष्ट्रीयकृत अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक में जिला मजिस्ट्रेट या सहायक संभागीय

परिवहन अधिकारी (प्रशासन) के नाम से पृथक बैंक खाता खोला जा सकता है। यह कल्याण निधि में विभागीय बजट, स्थानीय निकायों की निधियों, कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सी.एस.आर.), सार्वजनिक अंशदानों और अन्य स्रोतों से धन प्राप्त कर सकेगी। इसके अतिरिक्त, इस नियमावली के अध्याय-12 के अधीन गठित 'विकास निधि' का उपयोग भी कल्याण निधि के लिए किया जायेगा, कल्याण निधि का प्रबन्धन 'जिला जल परिवहन प्रबन्धन, सुरक्षा सलाहकार समिति' द्वारा किया जायेगा; जिसकी अध्यक्षता जिला मजिस्ट्रेट करेंगे और सम्बन्धित जिला का सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) इसके सदस्य सचिव होंगे। इस कल्याण निधि की बैठक प्रत्येक छह मास में कम से कम एक बार आयोजित की जायेगी।

68. विविध -

(1) शुल्क/शास्तियां: इस विनियमावली के विभिन्न नियमों के अधीन विहित शुल्क/शास्तियां अनुसूची-1 एवं अनुसूची-2 में विनिर्दिष्ट या राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर यथा-संशोधित दरों के अनुसार संदेय होगी।

(2) अधिनियम, केन्द्रीय नियमावली और इस नियमावली के अधीन संदेय शुल्क और शास्तियों का संदाय उत्तर प्रदेश अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के बैंक खाता में यूपीआई, क्यूआर कोड, नेट बैंकिंग एवं अन्य आन लाइन माध्यमों से किया जायेगा।

अध्याय- सोलह
विविध

69. इस नियमावली में भविष्य में कोई भी संशोधन या उपांतरण राज्य सरकार के अनुमोदन से उत्तर प्रदेश अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण द्वारा किया जायेगा।

70. **जल परिवहन प्रबंधन, सुरक्षा एवं सलाहकार समिति का गठन-** अन्तर्देशीय जलयान अधिनियम, 2021 की धारा 99(1) के अधीन यांत्रिक एवं गैर यांत्रिक रूप से संचालित अन्तर्देशीय जलयान के सुरक्षित संचालन और अन्य विनियमन संबंधित विषयों पर विचार के लिए प्रत्येक जिला में जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में एक जिला परिवहन प्रबंधन एवं सुरक्षा समिति और प्रत्येक मण्डल में मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में मण्डलीय जल परिवहन प्रबंधन सुरक्षा एवं सलाहकार समिति गठित की जायेगी, जो निम्नवत् होगी-

(1) जिला जल परिवहन प्रबंधन, सुरक्षा एवं सलाहकार समिति-

क्र0सं0	अधिकारी का पदनाम	स्थिति
1	2	3
1	जिला मजिस्ट्रेट	अध्यक्ष
2	पुलिस आयुक्त/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक	सदस्य
3	मुख्य कार्यपालक अधिकारी/अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत	सदस्य
4	नगरपालिका आयुक्त	सदस्य
5	अपर जिला मजिस्ट्रेट, जो जिला आपदा प्रबंधन समिति का कार्य देख रहे हों	सदस्य
6	मुख्य चिकित्साधिकारी	सदस्य
7	अधिशाशी अभियंता, सिंचाई विभाग	सदस्य
8	सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी(प्रशासन)	सदस्य सचिव
9	जिला पर्यटन अधिकारी	सदस्य
10	जिला अग्निशमन अधिकारी	सदस्य
11	अध्यक्ष द्वारा उपयुक्त समझे जाने वाले किसी भी विभाग/विशेषज्ञ/एसोसिएशन के प्रतिनिधि (एक से अधिक भी हो सकते हैं)	नामनिर्दिष्ट सदस्य

http://shudhjalmarg.up.gov.in

(क) **जिला जल परिवहन प्रबंधन, सुरक्षा एवं सलाहकार समिति का प्राथमिक उद्देश्य निम्नवत् होगा-**

(एक) अन्तर्देशीय जलयान अधिनियम, 2021 की धारा 99 के अधीन विहित दायित्वों का निर्वहन करना।

(दो) आपातकालीन परिस्थितियों में केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के निदेशानुसार या स्वयं की पहल पर परिस्थिति को आपातकाल के रूप में घोषित कर सकेगें और उपधारा-7 के अधीन विहित उपाय और ऐसे अन्य व्यावहारिक उपायों को जो ऐसी आपातकालीन स्थिति को न्यूनतम करने या उससे निपटने के लिए सर्वोत्तम संभव निर्णय के अनुसार आवश्यक हो, अपनायेगी।

(तीन) विशेष परिस्थितियों में नौसेना, तटरक्षक बल, किसी अन्य आपातकालीन बल या किसी अन्तर्देशीय जलयान से ऐसी सहायता प्राप्त कर सकती है जैसा आवश्यक हो।

(चार) आपातकालीन परिस्थितियों से प्रभावित व्यक्तियों या जलयानों को सभी आवश्यक और अनिवार्य बुनियादी सुविधायें प्रदान करना।

(पांच) अन्तर्देशीय जलयान के सुरक्षित संचालन को बढ़ावा देना,

(छह) अन्तर्देशीय जलयानों के सुरक्षित संचालन का अनुश्रवण करना तथा इन जलयानों से होने वाली संभावित दुर्घटनाओं को रोकना।

(सात) जिला/शहर के भीतर पर्यटन क्रियाकलापों, मछली पकड़ने, यात्रियों एवं स्थूरा के परिवहन को विनियमित करने वाले स्थापित नियमावली को लागू करना।

(आठ) सुरक्षित नौवहन के लिए आवश्यक सुधारों के संबंध में स्वामियों, संचालक और सेवा उपयोगकर्ता को शिक्षित करने हेतु जागरूकता पैदा करना और ज्ञान प्रसार सत्र आयोजित करना।

(नौ) हताहतों, दुर्घटनाओं या ऐसी आपात स्थितियों के दौरान सहायता या राहत प्रदान करना।

(दस) दैनिक आधार पर जल परिवहन प्रबंधन का दायित्व निर्वहन।

(ग्यारह) गैर यांत्रिक रूप से चालित जलयानों हेतु गठित जिला कल्याण निधि का प्रबन्धन एवं संचालन एवं उसके माध्यम से व्यय/विभिन्न कार्यो का कराया जाना एवं उनका अनुश्रवण करना।

(बारह) ऐसे अन्य कार्यों को करना जिन्हें समिति समुचित समझे।

(तेरह) इस नियमावली में इंगित अन्य उद्देश्यों के लिए।

(ख) बैठकें और गणपूर्ति-

(एक) जिला जल परिवहन प्रबंधन, सुरक्षा एवं सलाहकार समिति की बैठक प्रत्येक माह होगी।

(दो) जिला जल परिवहन प्रबंधन, सुरक्षा एवं सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता जिला मजिस्ट्रेट द्वारा की जाएगी।

(तीन) अध्यक्ष एवं सदस्य सचिव सहित न्यूनतम 05 सदस्यों का बैठक में उपस्थित होना अनिवार्य है।

(ग) रिपोर्टिंग.-

(एक) जिला जल परिवहन प्रबंधन, सुरक्षा एवं सलाहकार समिति सभी निरीक्षण गतिविधियों, एकत्रित डेटा, की गई प्रवर्तन कार्रवाईयां और पर्यटन क्रियाकलापों, मछली पकड़ने, यात्रियों एवं स्थूरा के परिवहन संबंधी क्रियाकलापों से संबंधित रिपोर्ट की गई घटनाओं को रिकॉर्ड करने के लिए एक सुरक्षित डेटाबेस बनाएगा।

(दो) जिला जल परिवहन प्रबंधन, सुरक्षा एवं सलाहकार समिति निरीक्षण निष्कर्षों, रुझानों और सिफारिशों का सारांश प्रस्तुत करते हुए प्रत्येक बैठक की रिपोर्ट उत्तर प्रदेश अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण को प्रेषित करेगा और समीक्षा निष्कर्षों के आधार पर जल परिवहन सुरक्षा योजना, विनियमों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सुधार की सिफारिश करेगा।

(तीन) केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार या राज्य प्राधिकरण को घटनाओं, परिणामों और उपधारा-3 के अधीन अपनाये गये उपायों का विवरण और आपातकाल से निपटने के लिए ऐसे उपायों की प्रभावशीलता की रिपोर्ट प्रेषित करेगा।

(घ) भूमिकाएँ और उत्तरदायित्व

http://sirsaiup.gov.in

(एक) जिला जल परिवहन प्रबंधन, सुरक्षा एवं सलाहकार समिति द्वारा निरीक्षण और पाक्षिक पर्यवेक्षण करने के लिए अधिकारियों को नियुक्त किया जाएगा ताकि इस नियमावली के कार्यान्वयन को सत्यापित किया जा सके।

(दो) समिति द्वारा आवश्यकतानुसार नाव घाटों पर कैमरे लगाए जाएंगे ताकि यह निगरानी की जा सके कि यात्री जीवन जैकेट पहनते हैं और बैठने की सीमा का पालन करते हैं, विशेष रूप से त्योहारों और छुट्टियों के दौरान।

(तीन) समिति द्वारा प्रति माह आकस्मिक निरीक्षण कराना ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यात्रियों ने लाइफ जैकेट पहनी हुई हैं। स्थानीय गैर सरकारी संगठनों के माध्यम से जीवन सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा दिया जाएगा। स्थानीय अग्निशमन और आपातकालीन सेवाओं के साथ आपातकालीन प्रक्रियाओं का अभ्यास कराएगी और इन गतिविधियों का मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार करेगी।

(चार) निरीक्षण और पाक्षिक पर्यवेक्षण के लिए नामार्दिष्ट अधिकारी जलयान स्वामियों/संचालकों के अधिकारों का सम्मान करते हुए और उचित सावधानी बरतते हुए निरीक्षण करेगा। निरीक्षण से पहले ऐसा अधिकारी अपनी पहचान बताएगा और आवश्यकतानुसार पहचान पत्र प्रस्तुत करेगा और निरीक्षण के दौरान साक्ष्य के रूप में तस्वीरें या वीडियो रिकॉर्डिंग ले सकेगा।

(पांच) नौका संचालन के नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करेगा।

(छः) विभिन्न विशेष अवसरों पर समिति अंतर विभागीय निकायों जैसे पर्यटन विभाग, पुलिस विभाग और अग्निशमन विभाग, तटरक्षक बल, चिकित्सा सेवा विभाग और अन्य संबंधित संस्थाओं के साथ अंतर्देशीय जलक्षेत्रों में सुरक्षा उपायों के क्रियान्वयन हेतु बैठकों का आयोजन करेगी।

(सात) संबंधित हितधारकों के सहयोग से समिति पर्यटन क्रियाकलापों/यात्रियों के परिवहन के लिए सुरक्षा नियमों, आपातकालीन प्रक्रियाओं और प्राथमिक उपचार के संबंध में प्रशिक्षण कार्यक्रम विकसित करेगी।

(आठ) जिला जल परिवहन प्रबंधन, सुरक्षा एवं सलाहकार समिति आपातकालीन परिस्थितियों के लिए जब भी आवश्यक हों, आपातकालीन प्रतिक्रिया योजना तैयार करेगी।

(2) मण्डलीय जल परिवहन प्रबंधन, सुरक्षा एवं सलाहकार समिति-

क्र0सं	अधिकारी का पदनाम	स्थिति
1	2	3
1	मण्डलायुक्त	अध्यक्ष
2	यथा-अपेक्षित जिला मजिस्ट्रेट	सदस्य
3	पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उपमहानिरीक्षक	सदस्य
4	अपर निदेशक, स्वास्थय	सदस्य
5	मण्डलीय मुख्य अभियंता, सिंचाई विभाग	सदस्य
6	संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन)	सदस्य सचिव
7	मण्डलीय अग्निशमन अधिकारी	सदस्य
8	क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी	सदस्य
9	अध्यक्ष द्वारा उपयुक्त समझे जाने वाले किसी भी विभाग/विशेषज्ञ/एसोसिएशन के प्रतिनिधि (एक से अधिक भी हो सकते हैं)	नामार्दिष्ट सदस्य

(क) मण्डलीय जल परिवहन प्रबंधन, सुरक्षा एवं सलाहकार समिति का प्राथमिक उद्देश्य निम्नवत् होगा-

(एक) जिला जल परिवहन प्रबन्धन, सुरक्षा एवं सलाहकार समिति के कार्यों की समीक्षा।

(दो) जिला जल परिवहन प्रबन्धन, सुरक्षा एवं सलाहकार समिति को समय-समय पर मार्गदर्शन प्रदान करना।

(तीन) आपातकालीन परिस्थितियों का आंकलन करना एवं जिला जल परिवहन प्रबन्धन, सुरक्षा एवं सलाहकार समिति को जहां तक संभव हो सके सहायता प्रदान करना।

(ख) बैठकें और गणपूर्ति-

(एक) मण्डलीय जल परिवहन प्रबंधन, सुरक्षा एवं सलाहकार समिति की बैठक प्रत्येक तीन माह में एक बार होगी।

(दो) मण्डलीय जल परिवहन प्रबंधन, सुरक्षा एव सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता मण्डलायुक्त द्वारा की जाएगी।

(तीन) अध्यक्ष एवं सदस्य सचिव सहित न्यूनतम 04 सदस्यों का बैठक में उपस्थित होना अनिवार्य होगी।

71. व्यावृत्ति/ संरक्षा खण्ड

(क) इस नियमावली में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, केन्द्रीय सरकार अथवा राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किसी अधिनियम, नियम, विनियम, अधिसूचना, आदेश अथवा निदेश के उपबंध अभिभावी रहेंगे तथा असंगति की स्थिति में ऐसे अधिनियम, नियम अथवा आदेश के उपबंध अभिभावी होंगे।

(ख) इस नियमावली के अधीन की गई कोई भी कार्यवाही, प्रदान की गई अनुज्ञा, नामांकन, निरीक्षण, जारी आदेश अथवा निदेश, यदि नामांकन/सक्षम प्राधिकारी द्वारा ऐसी कार्यवाही सद्भावपूर्वक किया गया हो, तो केवल तकनीकी त्रुटि अथवा प्रक्रियात्मक कमी के आधार पर अविधिमान्य नहीं समझा जाएगा।

(ग) इस नियमावली में अंतर्विष्ट किसी उपबंध का यह अर्थ नहीं लगाया जाएगा कि वह किसी अन्य प्रचलित विधि, पर्यावरणीय उपबंध, लोक सुरक्षा, आपदा प्रबंधन, पुलिस प्रशासन अथवा राजस्व विधियों के प्रवर्तन को सीमित अथवा निष्प्रभावी करता है।

(घ) राज्य सरकार अथवा प्राधिकृत अधिकारी को लोकहित, यात्री सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण, जलमार्ग सुरक्षा अथवा आपदा की स्थिति में आवश्यकतानुसार अतिरिक्त निदेश, निर्बंधन अथवा सुरक्षा उपाय अधिरोपित करने का प्राधिकार होगा।

(ड़) इस नियमावली के अधीन जारी किसी अनुज्ञा अथवा रजिस्ट्रीकरण के आधार पर कोई व्यक्ति जलमार्ग, घाट, तट अथवा सार्वजनिक संपत्ति पर स्वामित्व अथवा स्थायी अधिकार अर्जित नहीं कर लेगा।

(च) यदि इस नियमावली का कोई उपबंध किसी सक्षम न्यायालय द्वारा अविधिमान्य अथवा अप्रभावी घोषित किया जाता है, तो शेष उपबंध प्रभावी बने रहेंगे।

(छ) राज्य सरकार समय-समय पर प्रशासनिक आवश्यकता, तकनीकी प्रगति, सुरक्षा मानकों अथवा लोकहित को दृष्टिगत रखते हुए इस नियमावली में संशोधन, शिथिलीकरण अथवा स्पष्टीकरण जारी करने का प्राधिकार प्रतिधारण करेगी।

72. विवाद निवारण खण्ड

(क) इस नियमावली के अधीन नामांकन, संचालन परमिट, फीस, निरीक्षण, शास्ति, निलंबन, रद्दकरण अथवा किसी प्रशासनिक आदेश से उत्पन्न किसी विवाद अथवा शिकायत का विनिश्चय सक्षम प्राधिकारी अर्थात जिला के सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) द्वारा किया जाएगा। कोई भी प्रभावित व्यक्ति आदेश प्राप्ति की तिथि से 30 दिवस के भीतर नामार्दिष्ट अपील प्राधिकारी अर्थात संभाग के संभागीय परिवहन अधिकारी के समक्ष अपील प्रस्तुत कर सकेगा।

(ख) अपील प्राधिकारी, अभिलेखों का परीक्षण करने तथा संबंधित पक्षकारों को सुनवाई का अवसर प्रदान करने के उपरांत यथोचित आदेश पारित करेगा, और ऐसा आदेश संबंधित पक्षों पर बाध्यकारी होगा।

(ग) यदि विवाद तकनीकी, संचालनगत अथवा सुरक्षा मानकों से संबंधित हो, तो राज्य सरकार आवश्यकतानुसार विशेषज्ञ समिति अथवा जिला जल परिवहन प्रबंधन, सुरक्षा एवं सलाहकार समिति की संस्तुतियों के आधार पर विनिश्चय करेगी।

(घ) विवाद निवारण की प्रक्रिया के दौरान, लोक सुरक्षा, यात्री सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण अथवा जलमार्ग प्रबन्धन अनुरक्षित रखने हेतु सक्षम प्राधिकारी अंतरिम आदेश अथवा निर्बधनात्मक निदेश जारी कर सकेगा।

(ड़) इस नियमावली के अधीन सभी विवादों एवं विधिक कार्यवाहियों की अधिकारिता संबंधित जिला अथवा राज्य के सक्षम न्यायालयों को होगी।

(च) इस नियमावली के अधीन विवाद निवारण हेतु कार्यवाहियां भारतीय विधिशास्त्र, प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों तथा प्रचलित विधिक उपबंधों के अनुरूप होगी।

73. कठिनाईयां दूर करने संबंधी खण्ड

(क) यदि इस नियमावली के उपबंधों को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने में कोई कठिनाई उत्पन्न होती है, तो राज्य सरकार अथवा उत्तर प्रदेश अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण गजट में अधिसूचना प्रकाशित कर अथवा आदेश जारी कर, ऐसी कठिनाई को दूर करने हेतु यथाआवश्यक ऐसे उपबंध, निदेश अथवा स्पष्टीकरण जारी कर सकेगी, परन्तु यह कि ऐसा आदेश इस नियमावली अथवा प्रचलित अधिनियम के मूल उद्देश्यों से असंगत न हो।

(ख) राज्य सरकार अथवा उत्तर प्रदेश अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण द्वारा जारी किया गया प्रत्येक आदेश, स्पष्टीकरण अथवा निदेश इस नियमावली का अभिन्न अंग समझा जाएगा और संबंधित प्राधिकारी एवं हितधारकों पर बाध्यकारी होगा।

(ग) इस खण्ड के अधीन प्रदत्त शक्तियां केवल उन विषयों तक सीमित रहेंगी, जिनके संबंध में इस नियमावली में स्पष्ट उपबंध उपलब्ध न हों अथवा जिनके क्रियान्वयन में व्यावहारिक अथवा प्रशासनिक कठिनाई उत्पन्न हो रही हो।

(घ) राज्य सरकार अथवा उत्तर प्रदेश अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण आवश्यकतानुसार, तकनीकी विशेषज्ञों, जिला प्रशासन, अंतर्देशीय जल परिवहन प्राधिकारियों अथवा अन्य संबंधित विभागों से परामर्श प्राप्त कर सकती है।

अमृत अभिजात
अपर मुख्य सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

परिशिष्ट-1
नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी का कार्यालय

क्र0सं0	नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी	स्थान	जिला (अधिकारिता का क्षेत्र)
1.	अन्तर्देशीय जलयान का नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी	कार्यालय संभागीय परिवहन अधिकारी, आगरा	आगरा, मैनपुरी, फिरोजाबाद, मथुरा
2.	अन्तर्देशीय जलयान का नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी	कार्यालय संभागीय परिवहन अधिकारी, अलीगढ़	अलीगढ़, एटा, हाथरस, कासगंज
3.	अन्तर्देशीय जलयान का नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी	कार्यालय संभागीय परिवहन अधिकारी, अयोध्या	अयोध्या, सुल्तानपुर, बाराबंकी, अम्बेडकरनगर, अमेठी
4.	अन्तर्देशीय जलयान का नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी	कार्यालय संभागीय परिवहन अधिकारी, आजमगढ़	आजमगढ़, मऊ, बलिया
5.	अन्तर्देशीय जलयान का नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी	कार्यालय संभागीय परिवहन अधिकारी, बाँदा	बाँदा, चित्रकूट, हमीरपुर, महोबा
6.	अन्तर्देशीय जलयान का नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी	कार्यालय संभागीय परिवहन अधिकारी, बरेली	बरेली, शाहजहाँपुर, पीलीभीत, बदायूँ
7.	अन्तर्देशीय जलयान का नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी	कार्यालय संभागीय परिवहन अधिकारी, बस्ती	बस्ती, सिद्धार्थनगर, संतकबीरनगर
8.	अन्तर्देशीय जलयान का नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी	कार्यालय संभागीय परिवहन अधिकारी, गाजियाबाद	गाजियाबाद, बुलंदशहर, गौतमबुद्धनगर, हापुड़
9.	अन्तर्देशीय जलयान का नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी	कार्यालय संभागीय परिवहन अधिकारी, देवीपाटन-गोण्डा	गोण्डा, बलरामपुर, बहराइच, श्रावस्ती
10.	अन्तर्देशीय जलयान का नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी	कार्यालय संभागीय परिवहन अधिकारी, गोरखपुर	गोरखपुर, महराजगंज, कुषीनगर, देवरिया
11.	अन्तर्देशीय जलयान का नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी	कार्यालय संभागीय परिवहन अधिकारी, झाँसी	झाँसी, ललितपुर, उरई
12.	अन्तर्देशीय जलयान का नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी	कार्यालय संभागीय परिवहन अधिकारी, कानपुर	कानपुर नगर, कानपुर देहात, इटावा, फर्रूखाबाद, कन्नौज
13.	अन्तर्देशीय जलयान का नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी	कार्यालय संभागीय परिवहन अधिकारी, लखनऊ	लखनऊ, सीतापुर, रायबरेली, हरदोई, उन्नाव, लखीमपुरखीरी
14.	अन्तर्देशीय जलयान का नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी	कार्यालय संभागीय परिवहन अधिकारी, मिर्जापुर	मिर्जापुर, सोनभद्र, संतरविदासनगर(भदोही)
15.	अन्तर्देशीय जलयान का नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी	कार्यालय संभागीय परिवहन अधिकारी, मुरादाबाद	मुरादाबाद, अमरोहा, रामपुर, बिजनौर, संभल
16.	अन्तर्देशीय जलयान का नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी	कार्यालय संभागीय परिवहन अधिकारी, मेरठ	मेरठ, बागपत
17.	अन्तर्देशीय जलयान का नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी	कार्यालय संभागीय परिवहन अधिकारी, प्रयागराज	प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, कौषांबी
18.	अन्तर्देशीय जलयान का नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी	कार्यालय संभागीय परिवहन अधिकारी, सहारनपुर	सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, शामली

http://bhasan.gov.in

19.	अन्तर्देशीय जलयान का नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी	कार्यालय संभागीय परिवहन अधिकारी, वाराणसी	वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, चंदौली

http://shasanadesh.up.gov.in

परिशिष्ट-2
पत्तन या रजिस्ट्रीकरण और सर्वेक्षण के कार्यालय

क्रमांक	रजिस्ट्रीकरण प्राधिकारी	क्रमांक	रजिस्ट्रीकरण प्राधिकारी
01	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला सहारनपुर	21	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला सीतापुर
02	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला मुजफ्फरनगर	22	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला उन्नाव
03	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला बुलंदशहर	23	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला अमेठी
04	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला गाजियाबाद	24	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला हापुड़
05	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला मेरठ	25	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला संभल
06	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला गौतमबुद्धनगर	26	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला बहराइच
07	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला बागपत	27	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला बाराबंकी
08	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला शामली	28	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला अयोध्या
09	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला बिजनौर	29	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला गोंडा
10	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला मुरादाबाद	30	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला सुल्तानपुर
11	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला रामपुर	31	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला अम्बेडकरनगर
12	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला अमरोहा	32	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला श्रावस्ती
13	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला बदायूँ	33	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला बलरामपुर
14	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला बरेली	34	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला आजमगढ
15	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला पीलीभीत	35	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला बस्ती
16	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला शाहजहाँपुर	36	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला देवरिया
17	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला हरदोई	37	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला गोरखपुर
18	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला लखीमपुर खीरी	38	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला मऊ

http://shasanadesh.up.gov.in

19	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला लखनऊ	39	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला सिद्वार्थनगर
20	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला रायबरेली	40	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला महाराजगंज
41	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला कुषीनगर	61	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला आगरा
42	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला संतकबीरनगर	62	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला अलीगढ़
43	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला बलिया	63	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला एटा
44	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला गाजीपुर	64	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला फिरोजाबाद
45	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला जौनपुर	65	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला मैनपुरी
46	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला मिर्जापुर	66	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला मथुरा
47	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला सोनभद्र	67	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला हाथरस
48	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला वाराणसी	68	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला कासगंज
49	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला भदोही	69	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला बाँदा
50	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला चंदौली	70	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला हमीरपुर
51	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला प्रयागराज	70	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला हमीरपुर
52	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला फतेहपुर	71	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला जालौन
53	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला प्रतापगढ़	72	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला झाँसी
54	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला कौषांबी	73	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला ललितपुर
55	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला कन्नौज	74	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला महोबा
56	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला इटावा	75	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला चित्रकूट
57	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला फर्रूखाबाद		
58	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला कानपुर देहात		

http://shasanadesh.up.gov.in

59	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला कानपुर नगर		
60	अन्तर्देशीय जलयान का रजिस्ट्रार जिला औरैया		

http://shasanadesh.up.gov.in

परिशिष्ट-3

क्रमांक	जिला का नाम	कोड	क्रमांक	जिला का नाम	कोड
01	सहारनपुर	U P-11	21	सीतापुर	U P-34
02	मुजफ्फरनगर	U P-12	22	उन्नाव	U P-35
03	बुलंदशहर	U P-13	23	अमेठी	U P-36
04	गाजियाबाद	U P-14	24	हापुड़	U P-37
05	मेरठ	U P-15	25	संभल	U P-38
06	गौतमबुद्धनगर	U P-16	26	बहराइच	U P-40
07	बागपत	U P-17	27	बाराबंकी	U P-41
08	शामली	U P-19	28	अयोध्या	U P-42
09	बिजनौर	U P-20	29	गोंडा	U P-43
10	मुरादाबाद	U P-21	30	सुल्तानपुर	U P-44
11	रामपुर	U P-22	31	अम्बेडकरनगर	U P-45
12	अमरोहा	U P-23	32	श्रावस्ती	U P-46
13	बदायूँ	U P-24	33	बलरामपुर	U P-47
14	बरेली	U P-25	34	आजमगढ	U P-50
15	पीलीभीत	U P-26	35	बस्ती	U P-51
16	शाहजहाँपुर	U P-27	36	देवरिया	U P-52
17	हरदोई	U P-30	37	गोरखपुर	U P-53
18	लखीमपुर खीरी	U P-31	38	मऊ	U P-54
19	लखनऊ	U P-32	39	सिद्वार्थनगर	U P-55
20	रायबरेली	U P-33	40	महाराजगंज	U P-56
41	कुशीनगर	U P-57	61	आगरा	U P-80
42	संतकबीरनगर	U P-58	62	अलीगढ़	U P-81
43	बलिया	U P-60	63	एटा	U P-82
44	गाजीपुर	U P-61	64	फिरोजाबाद	U P-83
45	जौनपुर	U P-62	65	मैनपुरी	U P-84
46	मिर्जापुर	U P-63	66	मथुरा	U P-85
47	सोनभद्र	U P-64	67	हाथरस	U P-86
48	वाराणसी	U P-65	68	कासगंज	U P-87
49	भदोही	U P-66	69	बाँदा	U P-90
50	चंदौली	U P-67	70	हमीरपुर	U P-91
51	प्रयागराज	U P-70	70	हमीरपुर	U P-91
52	फतेहपुर	U P-71	71	जालौन	U P-92
53	प्रतापगढ़	U P-72	72	झाँसी	U P-93
54	कौशाम्बी	U P-73	73	ललितपुर	U P-94
55	कन्नौज	U P-74	74	महोबा	U P-95
56	इटावा	U P-75	75	चित्रकूट	U P-96
57	फर्रूखाबाद	U P-76			
58	कानपुर देहात	U P-77			

http://shramadesh.up.gov.in

एस.आर. प्रपत्र-1

अन्तर्देशीय यांत्रिक रूप से चालित जलयान के रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र की द्वितीय प्रति हेतु आवेदन

सेवा में,

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी,

बंदरगाह या रजिस्ट्रीकरण का कार्यालय (नाम).....

मैं/हम.....निवासी.....

.....जो मेरी/हमारी अन्तर्देशीय यांत्रिक रूप से चालित जलयान, जिसका अधिकारिक रजिस्ट्रीकरण संख्या.....है, का रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र खो गया है/नष्ट हो गया है/कट-फट गया है।(जो लागू न हो, उसे काट दें) अगर खो गया है तो प्रथम सूचना रिपोर्ट का विवरण निम्नवत् है-

.....

मैं/हम घोषणा करते हैं कि मेरी/हमारी जानकारी के अनुसार अधिनियम या उसके नियमों के अधीन अन्तर्देशीय यांत्रिक रूप से चालित जलयान का रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र निलंबित या निरस्त नहीं किया गया है।

अन्तर्देशीय यांत्रिक रूप से चालित जलयान के विवरण निम्नवत् है-

1. स्वामी का नाम एवं पूरा पता.....
2. रजिस्ट्रीकरण कार्यालय का नाम और क्रमांक (यदि पूर्व से पंजीकृत है).....
3. अन्तर्देशीय यांत्रिक रूप से चालित जलयान का प्रकार यथा इंजन निर्माता का नाम व पता, हॉर्स पावर, गति एवं निर्माण का वर्ष.....
4. प्रदूषण प्रमाणपत्र का विवरण (प्रमाणपत्र संख्या, जारीकर्ता प्राधिकारी और प्रमाणपत्र की वैधता).....
5. बीमा प्रमाणपत्र का विवरण (प्रमाणपत्र संख्या, जारीकर्ता प्राधिकारी और प्रमाणपत्र की वैधता).....
6. सर्वेक्षण प्रमाणपत्र का विवरण (प्रमाणपत्र संख्या, जारीकर्ता प्राधिकारी और प्रमाणपत्र की वैधता).....
7. स्वामी या मास्टर का मोबाइल नंबर.....
8. स्वामी या मास्टर के ई-मेल का पता.....
9. संलग्नक.....

(क) चालान की रसीद जिसमें उक्त प्रयोजन से शुल्क भुगतान का साक्ष्य हो,

(ख) प्रदूषण प्रमाणपत्र की प्रति

(ग) अन्तर्देशीय यांत्रिक रूप से चालित जलयान के बीमा प्रमाणपत्र की प्रति

(घ) सर्वेक्षण प्रमाणपत्र की प्रति

(ड) बंधक संबंधी विवरण यदि अन्तर्देशीय यांत्रिक रूप से चालित जलयान किसी किराया/खरीद/पट्टे के समझौते के तहत है तो वित्तपोशक द्वारा प्रदत्त अनापत्ति प्रमाणपत्र संलग्न करे

(च) खोने के मामले में, प्रथम सूचना रिपोर्ट की प्रति

(छ) क्षतिग्रस्त होने के मामले में मूल कटे-फटे रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र की प्रति

(ज) नष्ट होने के मामले में 100रू0/- के गैर न्यायिक स्टाम्प पेपर पर नोटरी शपथपत्र जिसमें नष्टे होने के स्थान या कारण का विवरण उल्लिखित हो

रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र के खो जाने के मामले में, मैं/हम घोषणा करते हैं कि यदि मूल रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र मिल जाता है तो इसे रद्दकरण हेतु जारीकर्ता प्राधिकारी को सौंप दिया जाएगा।

मैं/हम एतद्द्वारा पूर्ण जानकारी और विश्वास के साथ घोषणा करता हूँ /करते हैं कि मैंने/हमने कोई भी तथय नहीं छुपाया है और ऊपर दी गई जानकारी सत्य है।

मैं/हम वचन देते हैं कि किसी भी जानकारी के गलत या असत्य होने के लिए स्वयं उत्तरयदायी होगें।

दिनांकः

स्थानः

अन्तर्देशीय यांत्रिक रूप से चालित जलयान के स्वामी का हस्ताक्षर,
नाम व पता

http://shasanadesh.up.gov.in

एस.आर. प्रपत्र-2

अन्तर्देशीय यांत्रिक रूप से चालित जलयान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने या अन्य संबंधित जानकारी की सूचना

(अधिनियम की धारा-74(2) के अधीन)

सेवा में,

नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी

.....

मैं/हम अधिनियम की धारा 74(2) के अधीन निम्न सूचना प्रस्तुत करता हूँ/करते हैं

(एक) अन्तर्देशीय यांत्रिक रूप से चालित जलयान का नाम.....

(दो) अन्तर्देशीय यांत्रिक रूप से चालित जलयान का प्रकार

(क) अधिनियम के अधीन रजिस्ट्रीकृत.....

(ख) विदेश में रजिस्ट्रीकृत (देश का नाम).....

(ग) वाणिज्यिक जलयान परिवहन अधिनियम-1958 के अधीन पंजीकृत.....

(तीन) रजिस्ट्रीकरण या अधिकारिक संख्या.....

(चार) रजिस्ट्रीकरण प्राधिकारी.....

(पांच) रजिस्ट्रीकरण कार्यालय का नाम.....

(छह) घटना का विवरण

(क) घटना का दिनांक एवं समय.....

(ख) घटना का स्थान.....

(ग) विनाशग्रस्त होने, क्षति, हताहत, दुर्घटना, विस्फोट या हानि की प्रकृति एवं विस्तार.....

(घ) घटना का कारण एवं परिस्थितियां.....

(ड) घायलों का विवरण.....

(च) मृतकों का विवरण.....

(छ) पर्यावरणीय क्षति का विवरण.....

(सात) घटना के प्रभावों को कम करने के लिए उठाए गए या नियोजित कदम-

(आठ) अवरोध का विवरण

(क) वस्तुओं की प्रकृति.....

(ख) वस्तुओं का आकार.....

(ग) नौवहन को खतरे का प्रकार.....

(नौ) बीमाकर्ता अथवा उसके प्रतिनिधि को सूचित करने की तिथि.....

(दस) बीमाकर्ता का नाम व पता.....

(ग्यारह) सूचना देने वाले का विवरण

(क) नाम.....

(ख) पदनाम.....

(ग) पता.....

(घ) कंपनी/फर्म/ अन्य विधिक इकाई का नाम.....

(ड) पता

मैं/हम, मेरी/हमारी पूर्ण जानकारी और विष्वास के साथ एतद्वारा घोषणा करते हैं कि मैंने/हमने कोई भी तथय को नहीं छुपाया है और ऊपर दी गई जानकारी सत्य है।

मैं/हम वचन देते हैं कि किसी भी जानकारी के गलत या असत्य होने के लिए स्वयं उत्तरयदायी होंगे।

दिनांकः

स्थानः

अन्तर्देशीय यांत्रिक रूप से चालित जलयान के स्वामी का हस्ताक्षर,
नाम व पता

http://shasanadesh.up.gov.in

अनुसूची-1

क्रम सं.	उद्देश्य	राशि (रूपये में)
(1)	(2)	(3)
1	अन्तर्देशीय यांत्रिक रूप से चालित जलयानों (जिनका सकल टन भार G T निर्धारित है) के प्रारंभिक सर्वेक्षण, वार्षिक सर्वेक्षण, नवीनीकरण सर्वेक्षण, मध्यवर्ती सर्वेक्षण तथा अतिरिक्त सर्वेक्षण के संचालन हेतु शुल्क।	
	(क) 10 G T (सकल टन भार) तक तथा उसे सम्मिलित करते हुए	1500.00
	(ख) 10 G T से अधिक किन्तु 25 G T से अनधिक	2100.00
	(ग) 25 G T से अधिक किन्तु 50 G T से अनधिक	2500.00
	(घ) 50 G T से अधिक किन्तु 75 G T से अनधिक	3000.00
	(ङ) 75 G T से अधिक किन्तु 100 G T से अनधिक	3500.00
	(च) 100 G T से अधिक किन्तु 200 G T से अनधिक	4500.00
	(छ) 200 G T से अधिक किन्तु 400 G T से अनधिक	5000.00
	(ज) 400 G T से अधिक किन्तु 600 G T से अनधिक	6000.00
	(झ) प्रत्येक अतिरिक्त 100 G T या उसके अंश के लिए।	500.00
2	केंद्रीय नियमों के प्रपत्र सं. 5 या प्रपत्र सं. 6 में सर्वेक्षण प्रमाणपत्र जारी करने का शुल्क	क्रमांक 1 के अधीन देय शुल्क का 50%
3	केंद्रीय नियमों के प्रपत्र सं. 4 या प्रपत्र सं. 6 में सर्वेक्षण के अस्थायी प्रमाणपत्र के निर्गमन हेतु शुल्क	क्रमांक 1 के अधीन देय शुल्क का 25%
4	रविवार एवं अन्य अवकाशों पर सर्वेक्षण हेतु देय अतिरिक्त शुल्क, जो क्रमांक 1 के अधीन देय शुल्क के अतिरिक्त देय होगा	क्रमांक 1 के अधीन देय शुल्क का 10%
5	यदि सर्वेक्षक को सायंकाल 5.30 बजे के बाद तथा प्रातःकाल 9.00 बजे से पूर्व सर्वेक्षण करने के लिए बुलाया जाता है, तो क्रमांक 1 के अधीन देय शुल्क के अतिरिक्त देय शुल्क	क्रमांक 1 के अधीन देय शुल्क का 10%
6	सर्वेक्षण प्रमाणपत्र की वैधता अवधि समाप्ति की तिथि से 60 दिनों से अनधिक अवधि के लिए बढ़ाने का शुल्क	क्रमांक 1 के अधीन देय शुल्क का 10%
7	सर्वेक्षण प्रमाणपत्र की वैधता अवधि से 3 माह से अनधिक अवधि के लिए बढ़ाने का शुल्क	क्रमांक 1 के अधीन देय शुल्क का 25%
8	ड्राई-डॉकिंग सुविधाओं की अनुपलब्धता के कारण 6 माह अनधिक अवधि के लिए सर्वेक्षण प्रमाणपत्र की वैधता बढ़ाने का शुल्क	क्रमांक 1 के अधीन देय शुल्क का 50%
9	सर्वेक्षण प्रमाणपत्र में अन्तर्देशीय यांत्रिक रूप से चालित जलयान (vessel) के नाम में परिवर्तन करने का शुल्क	क्रमांक 1 के अधीन देय शुल्क का 25%
10	सर्वेक्षण प्रमाणपत्र की प्रतिलिपि (द्वितीय या प्रमाणित प्रति) जारी करने का शुल्क	क्रमांक 1 के अधीन देय शुल्क का 25%
11	सर्वेक्षक के आदेश के विरुद्ध अपील करने का शुल्क	क्रमांक 1 के अधीन देय शुल्क का 25%
12	अनुरोध किये गये डिजाइन योजनाओं/चित्रों/लेआउट के परीक्षण एवं विमर्ष के लिए शुल्क	क्रमांक 1 के अधीन देय शुल्क का 25%

http://shodhganga.inflibnet.ac.in

13	अनुरोध पर अग्निशामक यंत्रों, जीवनरक्षक उपकरणों, जंजीरों और लंगरों आदि के परीक्षण के लिए निरीक्षण हेतु प्रति निरीक्षण शुल्क	क्रमांक 1 के अधीन देय शुल्क का 25%
14	सर्वेक्षण प्रमाणपत्र में रूपांतरण, संशोधन या परिवर्तन दर्ज करने हेतु सर्वेक्षण किए जाने का शुल्क	क्रमांक 1 के अधीन देय शुल्क के समान
15	सर्वेक्षण प्रमाणपत्र में रूपांतरण, संशोधन या परिवर्तन दर्ज करने का शुल्क	क्रमांक 1 के अधीन देय शुल्क का 50%
16	अन्तर्देशीय यांत्रिक रूप से चालित जलयानों के निर्माता या मरम्मतकर्ता के रजिस्ट्रीकरण या सूचीबद्धीकरण का शुल्क	5000
17	सर्वेक्षणकर्ता शुल्क	1- रू0 5000 प्रति दिवस तथा यात्रा, आवास एवं भोजन व्यय (जलयान के स्वामी द्वारा वहन किया जायेगा) 2- रविवार अथवा अवकाश के दिनों में रू0 1000 अतिरिक्त
18	जब्त किये गये जलयानों के सुरक्षित जब्ती और रख-रखाव शुल्क	1- जब्ती हेतु सर्वेक्षक प्रति यात्रा शुल्क - 3000 प्रति विजिट 2- जब्ती के दौरान टर्मिनल अथवा खड़े किये गये स्थान एवं टो किये जाने का शुल्क- 500 प्रति दिवस तथा टोइंग शुल्क 3- सुरक्षा हेतु सुरक्षा गार्ड शुल्क- 500 प्रति पाली (08 घण्टा) 4- सुरक्षित जब्ती के दौरान टर्मिनल की सुरक्षा एवं सेफ्टीगार्ड शुल्क- 1000 प्रति दिवस
19	मूल्यांकनकर्ता शुल्क	1000 तथा केन्द्र सरकार के लेवल-12 स्तर के अधिकारियों को देय वास्तविक टी0ए0 व डी0ए0
20	प्रदूषण सर्वे शुल्क	इस अनुसूची के क्रमांक-1 की संबंधित श्रेणी हेतु अंकित राशि का 20 प्रतिशत।

http://shasanadesh.up.gov.in

अनुसूची-2

क्रम सं	उद्देश्य	राशि (रुपयों में)
(1)	(2)	(3)
1	अन्तर्देशीय यांत्रिक रूप से चालित जलयानों के प्रमाणपत्र के स्वीकृति या नवीनीकरण हेतु शुल्क (G T अर्थात् सकल टन भार हेतु)	
	(क) 50 G T सकल टन भार तक और उसे सम्मिलित करते हुए	1000.00
	(ख) 50 G T सकल टन भार से अधिक परंतु 100 G T सकल टन भार से अनधिक	2000.00
	(ग) 100 G T सकल टन भार से अधिक परंतु 200 G T सकल टन भार से अनधिक	4000.00
	(घ) प्रत्येक अतिरिक्त 100 G T सकल टन भार या उसके अंश के 1000.00लिए	1000.00
2	रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र की द्वितीय प्रति जारी करने हेतु	क्रमांक 1 के अधीन देय शुल्क का 50%
3	अस्थायी रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने हेतु	क्रमांक 1 के अधीन देय शुल्क का 25%
4	रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र में संशोधन या परिवर्तन के आवेदन हेतु	क्रमांक 1 के अधीन देय शुल्क के समान
5	रजिस्ट्रीकरण का स्थानांतरण (Transfer of Registr)	क्रमांक 1 के अधीन देय शुल्क के समान
6	अन्तर्देशीय यांत्रिक रूप से चालित जलयान का स्थानांतरण (Transfer of Registr)	क्रमांक 1 के अधीन देय शुल्क के समान
7	अन्तर्देशीय यांत्रिक रूप से चालित जलयानों के रजिस्ट्रार के आदेश के विरुद्ध अपील	क्रमांक 1 के अधीन देय शुल्क का 25%
8	ऐसे किसी अन्तर्देशीय यांत्रिक रूप से चालित जलयान के रजिस्ट्रीकरण हेतु शुल्क जो वाणिज्यिक जलयान परिवहन अधिनियम, 1958 (Merchant Shipping Act,1958) के अधीन पंजीकृत किया गया है	क्रमांक 1 के अधीन देय शुल्क का 25%

http://shipsandcraft.gov.in

अनुसूची एनएम-1

गैर यांत्रिक अन्तर्देशीय जलयान के नामांकन, हस्तांतरण एवं द्वितीय प्रति हेतु शुल्क

क्र0सं0	विवरण	शुल्क
1	नामांकन प्रमाणपत्र जारी करना	50/-
2	नामांकन प्रमाण पत्र की द्वितीय प्रति जारी करना	50/-
3	नामांकन प्रमाणपत्र का हस्तांतरण	50/-
4	नामांकन/सक्षम प्राधिकारी के आदेश के विरूद्ध अपील	50/-

नोट- उक्तानुसार निर्धारित दरों को उत्तर प्रदेश अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर प्राधिकरण बोर्ड के अनुमोदनोपरांत परिवर्तित किया जा सकेगा।

http://shasanadesh.up.gov.in

अनुसूची एनएम-2

गैर यांत्रिक अन्तर्देशीय जलयान के अपराध एवं दण्ड हेतु शुल्क

क्र0सं0	विवरण	शुल्क
1	बिना नामांकन गैर यांत्रिक अन्तर्देशीय जलयान का संचालन	1000/-
2	गैर यांत्रिक अन्तर्देशीय जलयान में क्षमता से अधिक यात्रियों का परिवहन	50/- प्रति यात्री (अधिकतम 500/-)
3	गैर यांत्रिक अन्तर्देशीय जलयान में क्षमता से अधिक माल का परिवहन	200/-
4	गैर यांत्रिक अन्तर्देशीय जलयान में सुरक्षा उपकरणों का अभाव	200/-
5	नशे की हालत में गैर यांत्रिक अन्तर्देशीय जलयान का संचालन	500/-
6	निर्बन्धित मौसम में गैर यांत्रिक अन्तर्देशीय जलयान का संचालन	500/-
7	गैर यांत्रिक अन्तर्देशीय जलयान में अंकित नामांकन प्लेट में छेड़छाड़	200/-
8	निर्बन्धित क्षेत्र में गैर यांत्रिक अन्तर्देशीय जलयान का संचालन	200/-
9	यात्रियों के लिए-यात्रियों द्वारा सुरक्षा जैकेट न पहनना	50/- प्रति यात्री (अधिकतम 500/-)

नोट- उक्तानुसार निर्धारित दरों को उत्तर प्रदेश अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर प्राधिकरण बोर्ड के अनुमोदनोपरांत परिवर्तित किया जा सकेगा।

http://shasanadesh.up.gov.in

प्रारूप-एसआर एनएम-1
(नियम-8ग देखें)
गैर यांत्रिक अन्तर्देशीय जलयान के नामांकन हेतु आवेदन

सेवा में,
नामांकन प्राधिकारी,
.....
उत्तर प्रदेश गैर यांत्रिक अन्तर्देशीय जलयान नियमावली, 2026 के नियम-8(ख) के अधीन गैर यांत्रिक अंतर्देशीय जलयान के संचालन हेतु ऐसे गैर यांत्रिक अन्तर्देशीय जलयान का नामांकन होना अनिवार्य है। अतः मैं अनुरोध करता/करती हूँ कि आवेदक के गैर यांत्रिक अन्तर्देशीय जलयान का नामांकन, विहित शुल्क जमा करने के पश्चात किया जाय ।
गैर यांत्रिक अन्तर्देशीय जलयान से संबंधित विवरण निम्नलिखित हैं-

1. स्वामी या संचालक का नाम
2. स्वामी या संचालक का पूरा पता
3. मोबाइल नम्बर
4. ई-मेल आईडी
5. व्यवसाय
6. गैर यांत्रिक अन्तर्देशीय जलयान के निर्माण का वर्ष/कील बिछाने का वर्ष
7. गैर यांत्रिक अन्तर्देशीय जलयान के डिजाइन का विवरण (यदि वर्गीकृत किया गया हो तो)
8. गैर यांत्रिक अन्तर्देशीय जलयान की समग्र लंबाई
9. गैर यांत्रिक अन्तर्देशीय जलयान की अंतिम चौड़ाई
10. गैर यांत्रिक अन्तर्देशीय जलयान के मध्य डेक के अंदर गहराई
11. गैर यांत्रिक अन्तर्देशीय जलयान के निर्माणकर्ता का नाम और पता, निर्माण स्थान और वर्ष सहित (नये जलयान की दशा में)
12. नए गैर यांत्रिक अन्तर्देशीय जलयान के लिए बिल्डर का प्रमाण पत्र/घोषणापत्र (नये जलयान की दशा में)
